दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



बंगाली फिल्म बक्शो........



अपने दम पर बॉलीवुड में .......

वर्ष : 11 | अंक : 213 | लखनऊ, 20 जुलाई, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# ड्राप आउट बच्चों को फिर से शिक्षा से जोड़ेगी योगी आदित्यनाथ सरकार, पहली से विशेष प्रशिक्षण

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : किसी भी परिस्थिति के कारण स्कूल की शिक्षा जारी रखने में नाकाम बच्चों को योगी आदित्यनाथ सरकार फिर से स्कूल भेजेगी। आउट ऑफ स्कूल बच्चों के कदम जहां थम गए थे, सरकार उनको वहीं से उनके भविष्य की नई उड़ान देगी।

योगी आदित्यनाथ सरकार अब उन लाखों बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोड़ने जा रही है, जो किसी न किसी कारणवश विद्यालयी शिक्षा से वंचित रह गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग इन बच्चों के लिए एक अगस्त से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करेगा।

### विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

यह कार्यक्रम उन बच्चों के लिए है जो नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पा रहे थे या शिक्षा व्यवस्था से पूरी तरह बाहर हो गए थे। छह से 14 आयु वर्ग के इन बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा से दोबारा जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने 'शिक्षा की मुख्यधारा में पुनः प्रवेश' की रणनीति बनाई है। इसमें बच्चों को उनकी उम्र के अनुरूप आयु संगत कक्षा में नामांकित कर शिक्षा दी जाएगी। शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें नियमित स्कूल शिक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। चिन्हित आउट ऑफ स्कूल स्कूल बच्चों को विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षक नौ 9 माह का विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

### शिक्षकों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

इन बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों को विशेष मॉड्यूल पर प्रशिक्षित किया जायेगा है। समावेशी शिक्षा, मनोवैज्ञानिक सहयोग और उम्र के अनुकूल पाठ्यवस्तु को केंद्र में रखते हुए टीचिंग लर्निंग मैटेरियल भी तैयार किया गया है। एडी बेसिक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जनपद स्तर से लेकर विकासखंड स्तर तक शिक्षा अधिकारियों को नोडल के रूप में दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।



### एसएमसी के माध्यम से विशेष प्रशिक्षकों की नियुक्ति होगी

योजना के अंतर्गत, ऐसे विद्यालय जहां पांच या उससे अधिक आउट ऑफ स्कूल बच्चे हैं, वहां विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से विशेष प्रशिक्षकों का चयन किया जायेगा। जिनमें सेवानिवृत्त अध्यापक या स्वैच्छिक सेवा देने वाले योग्य वॉलिंटियर्स को वरियता दी जाएगी। ये प्रशिक्षक बच्चों को आवश्यक विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे वे कक्षा के अनुरूप मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ सकें। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि सरकार बच्चों को फिर से पढ़ने का अवसर दे रही है, जिनकी शिक्षा किसी कारणवश रुक गई थी। अब वे उत्साह के साथ फिर से स्कूल से जोड़े जाएंगे। यह प्रयास केवल उन्हें स्कूल ले आने भर का उपक्रम नहीं है, यह उनके सपनों को नई उड़ान देने वाला भी है। अपनी पढ़ाई पूरी कर वे आत्मनिर्भरता की ओर आसानी से बढ़ेंगे।

# प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी होगी...

## बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति पर बोले चिराग पासवान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब सौगात लेकर आ रहे हैं तो उनकी प्राथमिकताएं अलग हैं। वह बिहार को विकसित राज्य बनाने के विजन के साथ काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जहां तक कानून व्यवस्था की बात है तो सभी जानते हैं कि यह राज्य सरकार का मामला है। ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि प्रधानमंत्री चिंतित नहीं हैं। हाल के दिनों में जिस तरह से आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं, उसे देखते हुए जिस तरह से पारस अस्पताल में घुसकर हत्या हुई, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता।

चिराग पासवान ने आगे कहा कि हकीकत यह है कि अगर एक भी घटना होती है तो प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी होगी। एडीजी यह नहीं कह सकते कि बरसात से पहले ऐसी घटनाएं होती हैं। क्या आप किसानों पर इसका आरोप लगा रहे हैं?... राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि बिहार के लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा हो। इससे पहले चिराग पासवान ने गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के कुछ घंटों बाद चुनावी राज्य बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की। उनकी यह प्रतिक्रिया पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती, इलाज के लिए पैरोल पर बाहर आए एक कैदी की हत्या के प्रयास के बाद आई है, जो पाँच अपराधियों के एक गिरोह द्वारा हत्या का प्रयास किया गया था। यह दूसरी बार है जब चिराग पासवान, जिनकी पार्टी राज्य और केंद्र दोनों में एनडीए की सहयोगी है, ने बिहार में कानून-व्यवस्था पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। बिहार में इस साल 243 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव होने में कुछ ही महीने बाकी हैं। सूत्रों ने बताया कि नड्डा और चिराग दोनों ने चुनावी राज्य में बढ़ते अपराधों के बीच बिहार की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। बैठक के बाद कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

# 2025 में चिप क्रांति लाने को भारत तैयार : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

हैदराबाद। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि घरेलू स्तर पर निर्मित देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप इस साल जारी होने की उम्मीद है। वैष्णव ने शुक्रवार को केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के 85वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उद्योग में एक महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज कुछ सबसे जटिल चिप हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे, गुरुग्राम और चेन्नई जैसे शहरों में डिजाइन किए जाते हैं। उन्होंने कहा, अब हम सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण शुरू कर रहे हैं। हमने पहले ही छह सेमीकंडक्टर संयंत्र को मंजूरी दे दी है। उनका निर्माण कार्य जारी है। हमारे पास 2025 में पहली भारत निर्मित (सेमीकंडक्टर) चिप होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इंडिया एआई मिशन के तहत निःशुल्क डेटासेट और अन्य सामग्री अपलोड की जा रही है। लगभग दस लाख लोगों को एआई के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वैष्णव ने यह भी कहा कि भारत 2047 तक दुनिया की शीर्ष दो अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

# उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया, अब मोदी जी संवार रहे...: अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि आज यहाँ 1,271 करोड़ रुपये के पाँच उद्घाटन और 14 शिलान्यास हुए। जब उत्तराखंड के लोग राज्य की माँग के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब कांग्रेस पार्टी ने उत्तराखंड के आंदोलनकारियों पर अत्याचार किए। उत्तराखंड बनाने का काम भाजपा के नेता और हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। लेकिन बाद में, राज्य के विकास के विशेषज्ञ इस पर बहस करने लगे कि छोटे राज्यों का विचार सफल होगा या नहीं।

अमित शाह ने आगे कहा कि आज मैं सभी को बताना चाहता हूँ, अटल जी ने तीन राज्यों का निर्माण किया था - उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड। ये तीनों राज्य अपने पैरों पर खड़े होकर आगे बढ़ने लगे। उन्होंने कहा कि मैं जब भी उत्तराखंड आता हूँ, एक नई ऊर्जा लेकर लौटता हूँ... जब 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, तो सीएम पीएस धामी ने एक चिट पर लिखा था कि 3.56 लाख करोड़ रुपये के टङ्कव आ चुके हैं। मैंने पुष्कर धामी से कहा था कि टङ्कव लाने में कोई बहादुरी नहीं होती, बहादुरी तो उन्हें जमीन पर उतारने में होती है। आज मैं पीएस धामी और उनकी टीम को धन्यवाद देना चाहता हूँ क्योंकि आज 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश जमीनी हकीकत बन गया है। मैदानी राज्य में निवेश लाना और पहाड़ी राज्य में निवेश लाना, पहाड़ चढ़ने से भी ज्यादा मुश्किल है।

अमित शाह ने कहा कि जब आप घर जाएं तो डायरी में लिख लें कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उत्तराखंड राज्य बनाने की मांग कर रहे आंदोलनकारियों पर अत्याचार किया था, लेकिन हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने उत्तराखंड का गठन किया। सोने पर सुहागा यह हुआ कि वर्ष 2014 में मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी, और जिस उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया, उसे अब मोदी जी संवार रहे हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी ने पिछले 11 वर्षों में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। एक जमाने में कहते थे कि इन्फ्रास्ट्रक्चर बने और औद्योगिक विकास हो तो गरीबों का कल्याण नहीं हो सकता, मोदी जी ने इस मिथक को तोड़ दिया और अनेक गरीब कल्याण की योजनाए चलाई। जिसके परिणामस्वरूप 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तराखंड के बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में अवैध धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार, अंतरराष्ट्रीय संबंध मिले

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

आगरा , आगरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह शहर में इस तरह के दूसरे रैकेट का पदार्फाश है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। अवैध धर्मांतरण में शामिल कुल 10 लोगों को आगरा से गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियाँ छह राज्यों में समन्वित छापेमारी के बाद की गईं। डीजीपी के अनुसार, जाँच में पीएफआई और एसडीपीआई जैसे संगठनों के साथ-साथ एक पाकिस्तानी आतंकवादी से भी संबंध होने का पता चला है। यह अभियान विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की मदद से चलाया गया। आगे की जाँच से पता चला है कि आरोपियों के अंतरराष्ट्रीय संबंध थे, जिनमें कनाडा, दुबई और लंदन से जुड़े तार शामिल थे। जाँच के दौरान अधिकारियों को कट्टरपंथ और 'लव जिहाद' की घटनाओं से जुड़े सबूत मिले हैं। पश्चिम बंगाल, गोवा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तराखंड सहित कई राज्यों में छापे मारे गए, जिसके परिणामस्वरूप कई गिरफ्तारियाँ हुईं। पकड़े गए लोगों को गोवा, कोलकाता, आगरा, मुजफ़्फ़रनगर, देहरादून, जयपुर और दिल्ली जैसे स्थानों से पकड़ा गया। इससे पहले, यूपी एटीएस ने छांगुर बाबा गिरोह से कथित संबंध के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। उस पर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण और हवाला के जरिए विदेशी धन प्राप्त करने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि यह गिरोह बड़े पैमाने पर धर्मांतरण और हवाला के जरिए विदेशी धन प्राप्त करने का आरोपी है।

# नमाज के दौरान कांवड़ियों का डीजे जुलूस रोका

## ईंट-पत्थर, लाठी-डंडे व तलवार से हमले का आरोप

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,प्रयागराज ज़िले के मऊआइमा के सराय ख्वाजा इलाके में शुक्रवार की नमाज के दौरान कांवड़ियों (वार्षिक कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालु) और मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच झड़प के बाद तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। बताया जा रहा है कि यह विवाद धार्मिक जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुआ। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, कांवड़ यात्रा का जुलूस सराय ख्वाजा इलाके से तेज डीजे संगीत के साथ गुजर रहा था, तभी पास की एक मस्जिद में शुक्रवार (जुमा) की नमाज अदा की जा रही थी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज के दौरान तेज संगीत बजाने पर आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों समूहों के बीच तीखी बहस हुई।

यह बहस जल्द ही बढ़ गई और मारपीट में बदल गई। कांवड़ियों ने आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें डीजे सिस्टम बंद करने के लिए मजबूर किया गया। सूचना मिलने पर, स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति को शांत कराया, जिससे कांवड़ियों की यात्रा शांतिपूर्वक जारी रही। अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए इस घटना के सिलसिले में मुस्लिम समुदाय के तीन लोगों को हिरासत में लिया है। झड़प में कथित संलिप्तता के लिए 15 नामजद लोगों सहित 65 लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है।



मीडिया से बात करते हुए, पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि मामले की जाँच चल रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने आगे की कार्रवाई को रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई की और आवश्यक कानूनी कदम उठाए हैं। हमारी प्राथमिकता सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों। शांति बनाए रखने और आगे किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। दोनों समुदायों से अधिकारियों के साथ सहयोग करने और ऐसी गतिविधियों से बचने का आग्रह किया गया है जिनसे तनाव और बढ़ सकता है।

# अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बिहार के रोहतास जिले में अलग-अलग घटनाओं में एक स्थानीय व्यापारी समेत दो लोगों की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों घटनाएं अमझोर इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि स्थानीय व्यापारी वीरेंद्र सिंह की शुक्रवार सुबह अमझोर इलाके में अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि घटना के पीछे भूमि विवाद है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है। घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में, पारस सिंह (50)बृहस्पतिवार सुबह अमझोर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमरा गांव में अपनी गौशाला में मृत पाए गए। रोहतास की पुलिस उपाधीक्षक वंदना सिंह ने संवाददाताओं को बताया, ह्यह्यएक व्यक्ति की गौशाला में हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ लोगों द्वारा उस पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# कन्या विद्यालय कैथल में संस्कृत सम्भाषण शिविरों में 130 छात्राएं कर रही प्रतिभागिता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, संस्कृतभारती हरियाणा कैथल के सौजन्य से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में दो सप्त दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविरों का शुभारम्भ हुआ,यह शिविर 24 जुलाई तक चलेंगे। दीप प्रज्वालन एवं सरस्वती वन्दना से उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विद्यालय की संस्कृत शिक्षिका सुमन तंवर ने उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय एवं स्वागत करते हुए शिविर के उद्देश्यों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा और कहा कि वर्तमान समय में भारतीय मूल्यों एवं संस्कारों से जुड़े रहने के लिए संस्कृत की अत्यधिक उपयोगिता है।

# राज्य का दर्जा हमारा अधिकार, कोई एहसान नहीं : फारूक अब्दुल्ला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, 21 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू होने के साथ ही, नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी मांग तेज कर दी है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जहाँ राज्य का दर्जा लोगों का वाजिब हक बताया है। वहीं, कांग्रेस केंद्र पर इस माँग को पूरा करने का दबाव बनाने के लिए श्रीनगर, जम्मू और दिल्ली में विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाने के लिए बधाई देना चाहता हूँ। वह खड़गे और राहुल द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए उस पत्र का ज़िक्र कर रहे थे जिसमें संसद के आगामी मानसून सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। एक सवाल के जवाब में, अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा क्यों नहीं बहाल किया जा सकता। ₹यह हमारा अधिकार है। यह कोई एहसान नहीं है।₹ नेकां अध्यक्ष ने खुलासा किया कि 19 जुलाई की शाम को (इंडिया ब्लॉक) नेताओं की एक बैठक होगी और राज्य के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक अन्य वरिष्ठ नेता और मंत्री जावेद राणा ने कहा कि वे जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार को निर्देश दिया है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समेत देश के नेतृत्व ने चुनावों से पहले वादा किया था कि परिसीमन होगा, चुनाव होंगे और बाद में राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक ऐतिहासिक, भारत के लिए नए युग की शुरूआत करेगा : संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का मानना है कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में पेश होने वाला राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक भारत में खेलों के लिए एक नये युग की शुरूआत करेगा। रिजिजू 2019 से 2021 के बीच दो वर्षों के लिए केंद्रीय खेल मंत्री रहे थे। वह मौजूदा खेल मंत्री मनसुख मांडविया के उन पूर्ववर्तियों में शामिल है, जिन्होंने देश के खेल प्रशासकों और अन्य हितधारकों से बात करके विधेयक के लिए आम सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अरुणाचल पश्चिम से लोकसभा सांसद 53 वर्षीय रिजिजू ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह इस विधेयक के शीघ्र ही कानून बनने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, खेल समुदाय के लिए यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने खेलों के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए ऐसा दूरदर्शी विचार रखा है। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में सुशासन के लिए एक ढांचा तैयार करना है। इसमें एक नियामक बोर्ड के गठन का भी प्रावधान है, जिसके पास अच्छे प्रशासन से संबंधित प्रावधानों के अनुपालन के आधार पर एनएसएफ को मान्यता प्रदान करने तथा वित्त पोषण का फैसला करने का अधिकार होगा। नियामक बोर्ड उच्चतम प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी ज़िम्मेदार होगा। एनएसएफ को कई वर्षों तक चली व्यापक चर्चा के बाद शामिल किया गया है, जिसमें पिछले साल मांडविया के कार्यभार संभालने के बाद तेजी आई थी। विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मुकदमेबाजी में कमी लाने के लिए नैतिक आयोग और विवाद समाधान आयोग के गठन का भी प्रस्ताव है, जिसके कारण कभी-कभी चयन से लेकर चुनाव तक के मुद्दों पर खिलाड़ियों और प्रशासकों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो जाती है। आईओए ने इसका विरोध किया है। उसका मानना है कि नियामक बोर्ड सभी एनएसएफ के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। वर्तमान में आईओए की अध्यक्ष पी टी उषा ने तो यहां तक कह दिया है कि सरकारी हस्तक्षेप के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) भारत को निलंबित भी कर सकती है। मांडविया ने हालांकि कहा है कि प्रस्तावित विधेयक का मसौदा तैयार करते समय आईओसी से सलाह ली गई है। आईओसी का इसमें शामिल होना बेहद जरूरी है क्योंकि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए प्रयासरत है। खेल मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान खेल प्रशासकों की स्वायत्तता, लेकिन अधिक जवाबदेही की वकालत करने वाले रिजिजू ने कहा कि उन्हें संसद में इस विधेयक के सुचारू रूप से पारित होने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, दो (अन्य) चीजें हैं - खेलो भारत नीति और डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों (डोपिंग रोधी और खेल प्रशासन) को एक साथ मिला दिया जाएगा और हम संसद में इस पर चर्चा करेंगे और मुझे विश्वास है कि सदस्य इसमें हिस्सा लेंगे।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा में लखनऊ- कानपुर रेल खंड स्थित हरौनी रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के हरौनी गांव में रहने वाला 70 वर्षीय बुजुर्ग बुधई नरेगा में मजदूरी करता था। बताते हैं कि शनिवार दोपहर करीब 1 बजे वह घर से कुछ दूर लखनऊ - कानपुर रेल खंड के हरौनी रेलवे स्टेशन स्थित बनी - मोहन रोड की हरौनी रेलवे क्रॉसिंग के पास अचानक कानपुर से लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। उसका शव बुरी तरह क्षत विक्षत होकर रेलवे पटरी पर फैल गया। आसपास के लोगों ने शव देख इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। बाद में घटना से जीआरपी पुलिस को अवगत कराया गया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा विवाहित बेटा व बहू है। पुलिस की माने तो शुरूआती जाँच में पारिवारिक कलह से परेशान होकर बुधई द्वारा आत्महत्या करने की बात सामने आई है। लेकिन जांच पड़ताल के बाद भी सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल सूचना के बाद पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे कार्रवाई कर रही है।

### संदिग्ध हालात में लापता हुई कक्षा 9 की छात्रा का अब तक नहीं चल सका पता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र से बीते दिनों संदिग्ध हालात में लापता हुई कक्षा 9 की छात्रा का अब तक पता नहीं लग सका है। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश करने में जुटी है। पुलिस के मुताबिक बंथरा के गांव में रहने वाले एक किसान की 15 वर्षीया बेटी गांव के पास ही एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा है। किशोरी बीती 14 जुलाई को सुबह करीब 7:45 बजे घर से स्कूल के लिए निकली, लेकिन कुछ देर बाद ही वापस घर लौट आई। परिजनों ने पूछा तो उसने स्कूल के शिक्षक द्वारा आधार कार्ड मांगे जाने की बात कही और कुछ देर बाद घर से आधार कार्ड लेकर निकल गई। दोपहर बाद स्कूल में छुट्टी होने के काफी देर बाद भी जब वह वापस घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन रिश्तेदारी व परिचितों के यहां खोजबीन करने के बावजूद उसका पता नहीं चला। परिजनो का कहना है कि वह उसकी तलाश कर ही रहे थे, तभी उन्हें पता चला कि छात्रा को काकोरी के बेहटा में रहने वाला राजू नामक युवक उसे बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है। इसके बाद छात्रा के पिता ने अगले दिन राजू के खिलाफ बहला फुसला कर उसे भगा ले जाने की बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी और आरोपी की तलाश कर रही है।

# व्यापारी हित में ऐतिहासिक पहल, फल विक्रेताओं को मिला नया व्यवस्थित स्थान

**व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यम पांडे एसीपी रजनीश कुमार वर्मा के प्रयास व सहयोग से टली रोजी-रोटी पर आया संकट......**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील परिसर के पास गोसाईगंज मार्ग पर वर्षों से चल रही अस्थायी फल मंडी को प्रशासन द्वारा हटाए जाने के बाद स्थानीय फल विक्रेताओं के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था इस कार्रवाई से न केवल उनकी आजीविका पर असर पड़ा बल्कि बाजार व्यवस्था भी प्रभावित हुईमोहनलालगंज के व्यापार मंडल अध्यक्ष व चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पांडे ने आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाई और विक्रेताओं की पीड़ा को अपनी प्राथमिकता बनाया उन्होंने क्षेत्र का स्वयं निरीक्षण कर पावर हाउस के ठीक सामने एक उपयुक्त स्थल को चिन्हित किया और नगर पंचायत व प्रशासन से समन्वय स्थापित कर फल विक्रेताओं को वहाँ स्थान उपलब्ध करवाया इस नए स्थान पर फल ठेले वालों को दुकानें लगाने की अनुमति दी गई जिससे उन्हें दोबारा रोजगार मिला और बाजार व्यवस्था भी फिर से पटरी पर लौट सकी सत्यम पांडे ने न केवल जगह दिलाने में पहल की बल्कि मंडी के संचालन और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता का भी आश्वासन दिया उनके इस प्रयास की स्थानीय व्यापारियों नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने सराहना की है इस अवसर पर एसीपी रजनीश कुमार वर्मा और कोतवाली प्रभारी दिलेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और फल विक्रेताओं की समस्याएं सुनकर तत्काल समाधान सुनिश्चित कराया दोनों अधिकारियों की मौजूदगी से दुकानदारों में विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई फल विक्रेताओं ने सत्यम पांडे और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि जब सबकुछ अनिश्चित लग रहा था तब इन प्रयासों ने उन्हें नई उम्मीद और राहत दी स्थानीय नागरिकों का भी मानना है कि मऊ रेलवे फाटक से मंडी हटने के बाद अब मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी जिससे आवागमन सुगम होगा और खरीदारों को भी सुविधा होगी नगर पंचायत क्षेत्र में यह पहल जनसुविधाओं और बाजार संचालन के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है जिससे प्रशासन और आमजन के बीच संवाद और विश्वास की नई मिसाल कायम हुई है।

# कच्चा रास्ता खराब होने से जनमानस को हो रही परेशानी

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। बाबा बरगदिहा तक जाने वाला करीब 400 मीटर का कच्चा रास्ता बरसात की वजह से कीचड़ युक्त व खस्ताहाल हो गया है रास्ता खराब हो जाने की वजह से यहां के ग्रामीणों राहगीरों किसानों सहित स्कूल आने जाने वाले बच्चों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।नगराम थाना क्षेत्र के अमवा मुर्तजापुर के ग्रामीणों के अनुसार आजादी के बाद से ही यह रास्ता कच्चा पड़ा हुआ है ग्रामीणों ने इस कच्चे रास्ते पर खड़ंजा लगाने के लिए कई बार गांव के प्रधान सहित जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई पर नतीजा कुछ नही निकला पिछले कई दशकों से ग्रामीण इस कच्चे रास्ते का दंश झेल रहे हैं बरसात के मौसम में तो यह रास्ता और भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है बरसात के मौसम में यह कच्चा रास्ता कीचड़ युक्त हो जाने से यहां से साधन ले जाना तो दूर पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है कई बार इस रास्ते से निकलने वाले राहगीर गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं अमवा मुर्तजापुर के ग्रामीण त्रिभुवन भारतीय संजय, रामहेत राजकुमार, कन्हैयालाल, चांदिका प्रसाद, सदाशिव, चेतराम, भाईलाल, भारत लाल, मनोज कुमार ने बताया कि यह कच्चा रास्ता कई वर्षों से इसी हालत में पड़ा हुआ है बरसात के मौसम में या रास्ता पूरी तरह कीचड़ युक्त हो जाता है ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से इस रास्ते को बनाने के गुहार लगाई गई मगर फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है ग्रामीणों के अनुसार यह कच्चा रास्ता नगराम गंगागंज रोड से निकले अमवा मुर्तजापुर के संपर्क रोड से निकलकर सीधा बाईपास बाराबंकी व रायबरेली की सीमा से होकर बहुदा चौराहे पर निकलता है जिसके कारण इस रास्ते पर ज्यादातर ग्रामीण राहीगीरों का आवागमन रहता है। पर यह कच्चा रास्ता खराब हो जाने की वजह से इस रास्ते से आने-जाने वाले ग्रामीणों को करीब 5 से 6 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा है जिसकी वजह से आसपास के ग्रामीणों सहित राहीगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# पांच सौ कावड़ियों ने किया गोपेश्वर महादेव का जलाभिषेक



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शिव भक्तो ने श्रावण मास की पवित्र कावड़ यात्रा का शुभारंभ कानपुर के पावन गंगा तट से जल लेकर 500 भक्तों द्वारा श्री गोपेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक किया।साथ ही भक्तो द्वारा भगवान गोपेश्वर नाथ का 56 भोग लगाया गया।गौशाला परिवार द्वारा कावड़ियों को प्रसादी की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।कावड़ियों के स्वागत मे पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अनिल सिंह चौहान द्वारा भक्तों के लिए प्रसादी साहित आम की व्यवस्था करवाई गई।मोहान रोड पहुंची कावड़ यात्रा का स्वागत गौशाला परिवार के उमाकांत गुप्ता, अनिल सिंह चौहान, डायरेक्टर कॉपरेटिव बैंक पंकज गुप्ता, विकास पाठक, आदित्य अवस्थी, रूपेश मिश्र, सोनू सिंह, विनय सिंह सहित नगर वासियों ने भाग लेकर कावड़ यात्रा का सम्मान किया। गौशाला मे जलपान के उपरांत चौराहे पर यात्रा का स्वागत विधायक सहित अखिलेश सिंह अंजू ने माल्यर्पण कर स्वागत किया फिर यात्रा सिधौली नैमिष धाम के लिए प्रस्थान कर गई। यात्रा संयोजक कानपुर निवासी सेवक लाल कैटरर्स ने बताया प्रतिवर्ष श्रावण मास मे कावड़ यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकल जाती है और अब प्रत्येक वर्ष गौशाला मे विराजमान गोपेश्वर महादेव को कावड़ अर्पित की जाएगी।

# जिलाधिकारी विशाख जी ने सुनी फरियादियों की फरियाद, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश......

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने तहसील मोहनलालगंज में स्वयं उपस्थित होकर जनता की समस्याएं सुनीं समाधान दिवस के दौरान कुल 366 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 95 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए एक सप्ताह में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए समाधान दिवस के दौरान आरती यादव संगीता कुसुम मोनी सहित कुल 08 महिलाओं ने नए राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन किया जबकि दस अन्य महिलाओं ने राशन कार्ड में यूनिट वृद्धि की मांग की वही जिलाधिकारी के निर्देश पर मौके पर ही आपूर्ति विभाग का कैंप लगाकर कार्रवाई की गई जिसके तहत आठ पात्र महिलाओं को गृहिणी श्रेणी में नए राशन कार्ड जारी किए गए दस शिकायतकताओं के राशन कार्ड में यूनिट वृद्धि करते हुए संशोधित कार्ड वितरित किए गए शिकायत कर्ता भरत लाल अतुल कुमार और सत्य प्रकाश द्वारा खतौनी में नाम दर्ज कराने हेतु दिए गए प्रार्थना पत्रों पर जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए राजस्व टीम ने मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रत्येक आवेदक को संशोधित खतौनी प्रदान की कार्यवाही के दौरान हल्का लेखपाल राजेन्द्र बहादुर के विरुद्ध रिपोर्ट लगाने में विलम्ब की शिकायत प्राप्त हुई प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उन्हें क्षेत्र से हटाकर कार्यालय से संबद्ध करने का निर्देश दिया तथा विभागीय कार्यवाही शुरू करने के आदेश भी दिए इसी क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनका वेतन बाधित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने जारी किए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए फोटो और वीडियो सहित आख्या प्रस्तुत करें निस्तारण उपरांत शिकायतकताओं से कॉल करके फीडबैक लेना अनिवार्य किया जाए इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय जैन, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती राकेश सिंह, जिला विकास अधिकारी अजीत सिंह, उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज अंकित शुक्ल, तहसीलदार ऋतुराज, पुलिस, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खेत की जुताई करके वापस घर लौट रहे ट्रैक्टर चालक मेड़ से ट्रैक्टर निकाल रहा था तभी संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास किसानों ने उसे किसी तरह से बाहर निकाल सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।रहीमाबाद थाना क्षेत्र के खड़ौहां के संतनगर गांव निवासी धर्मेंद्र (35) शनिवार शाम करीब 5 बजेघर से ट्रैक्टर लेकर गांव के किनारे मुन्ना के खेत की जुताई करने गया था। जुताई करके वापस ट्रैक्टर खेत से बाहर निकाल रहा था।तभी उसी किनारे मेड़ से ट्रैक्टर निकाल रहा था वहीं पानी भरा होने की वजह से ट्रैक्टर का पहिया स्लिप होने से उसका संतुलन बिगड़ गया जिससे ट्रैक्टर वहीं पलट गया. जिसके चारों पहिए ऊपर हो गए। हादसे की खबर से घटना स्थल पर



मृतक धर्मेंद्र फाइल – फोटो

ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं पास खेतों में काम कर रहे लोगों ने काफी देर की कड़ी मशक्कत के बाद उसको ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाल परिजनों को सूचना देकर उसे मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक धर्मेंद्र ट्रैक्टर चलाकर इधर उधर अपना वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के परिवार में माता बृजरानी, पत्नी निशा देवी, बेटी दिव्यांशी (14) अनाया डेढ़ वर्ष, राजू (11) है। जिनका रो-रो कर बुरहाल है।

# रहीमाबाद में विवेक बनकर कमरूल हक ने की शादी

## हिंदू बताकर युवक ने आर्य समाज मंदिर में की शादी,फिर छोड़कर भागा

**रहीमाबाद पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अलग समुदाय के युवक पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है.**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद के एक गांव निवासी युवती के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। युवती सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में वृद्ध महिलाओं की पेंशन बनवाने का काम करती थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने अपना नाम विवेक कुमार बताया। कई बार मना करने के बाद भी वह लगातार फोन करता रहा। एक दिन वह युवती के घर पहुंचा और शादी का प्रस्ताव रखा। युवती ने अपनी बड़ी बहन और जीजा को इस बारे में बताया। पूछताछ में युवक ने खुद को विवेक कुमार रावत पुत्र रामपाल रावत बताया। उसने अपना पता ग्राम दहेलिया पिहानी, हरदोई बताया और ट्रैवल एजेंसी में काम करने की बात कही।

### आठ साल पहले आर्य समाज मंदिर में की थी शादी

बीते 2017 में आर्य समाज मंदिर में दोनों की शादी हुई। शादी के बाद दोनों किराए के कमरे में रहने लगे। कुछ समय बाद युवक बहाने से युवती को उसके घर छोड़कर फरार हो गया। अब युवती ने रहीमाबाद थाने पर शिकायत दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि युवक ने अपना धर्म छिपाकर उससे शादी की।कोरोना महामारी के दौरान पति महिला के मायके में रहने लगा। करीब दो साल तक वहीं रहा। जब पत्नी ने अपने घर चलने का दबाव बनाया, तो उसने पैसों की तंगी का बहाना बनाया। पति ने कहा कि वह लखनऊ जाकर काम करेगा और पैसों की व्यवस्था होने पर उसे अपने घर ले जाएगा।

### एक साल तक पत्नी ने किया इंतजार

एक साल तक पत्नी ने किया इंतजार करने के बाद पति ने बताया कि वह दिल्ली चला गया है। छह महीने बाद उसने फोन उठाना भी बंद कर दिया। परेशान होकर महिला बीती 9 जून को पति के गांव पिहानी, जिला हरदोई पहुंची। वहां उसे पता चला कि उसका पति कमरूल हक है, जो रहमतुल्लाह का बेटा है। पीड़िता को यह भी पता चला कि उसका पति दूसरी शादी करके अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसकी मयार्दा के साथ खिलवाड़ किया और उसका जीवन बर्बाद कर दिया।

### युवक के परिजनों ने पीड़िता पर किया हमला

जब पीड़िता विपक्षी के घर पहुंची, तो परिवार के लोगों ने उस पर हमला कर दिया। महिला ने अपनी जान बचाने के लिए बाथरूम में खुद को बंद कर लिया। उसने वहीं से पुलिस की मदद के लिए 1090 पर कॉल किया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और महिला को बचाया। पुलिस पीड़िता और विपक्षी को थाना पिहानी ले गई। पीड़िता ने वहां शिकायती पत्र दिया। हालांकि, थाना पिहानी ने यह कहते हुए मामला दर्ज करने से मना कर दिया कि घटना लखनऊ जिले में हुई है। उन्होंने पीड़िता को संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। उसके बाद रहीमाबाद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही वह पुलिस गिरफ्त में होगा।

# एडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को एडीएम (सीएस) ज्योति गौतम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें कल्ली पूरब के राम जियावन ने शिकायत की कि उनके खसरा संख्या - 910 पर ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी ने मिलकर जबरन रोड बनवा दी। शिकायत करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के बाद लेखपाल और कानूनगो द्वारा जांच की गई तो गाटा संख्या 910 के आंशिक भाग पर कब्जा दिखाया गया। पीड़ित ने अपने गाटे पर बनाई गई इंटरलॉकिंग रोड को हटाते हुए सेक्रेटरी और प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ आरोपियों से खर्च किए गए धन की रिकवरी की मांग की है। इस मामले में सरोजनी नगर बीडीओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं फरुर्खाबाद चिल्लावां के हृदय राम ने शिकायत की कि बदाली खेड़ा स्थित खसरा संख्या 206/2 उसकी पैतृक भूमि है, जो उसे वरासत से प्राप्त हुई। उसका कहना है कि उसकी जमीन के बगल नगर निगम की सरकारी ऊसर भूमि है। इसलिए राजस्व लेखपाल, कानूनगो और नगर निगम के लेखपाल द्वारा मौके का चिन्हांकन कर लिया जाए। जिससे कि पीड़ित की जमीन सरकारी भूमि में सम्मिलित ना हो और वह अपनी जमीन पर बाउंड्री वाल बना सके। इसी तरह सहिजनपुर के ग्राम प्रधान श्रवण कुमार ने शिकायत की कि भूमि खसरा संख्या -373 सरकारी सुरक्षित जमीन है। इस पर गांव के स्वामीलाल अवैध निर्माण करा रहे हैं। इसके अलावा खसरा संख्या - 393 में गांव के बाबूलाल, मदनलाल और स्वामी लाल अवैध कब्जा कर घर बनवाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि हिंदू जागरण मंच के जिला प्रमुख दिनेश सिंह चौहान ने शिकायत दर्ज कराई कि राजस्व ग्राम नूरनगर भदरसा की गाटा संख्या 14, 17, 40 और 50 पर अवैध कब्जे की पुष्टि हुए लगभग 1 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। इस सरकारी जमीन पर एल्डिको शौर्य का कब्जा है। लेकिन राजस्व विभाग द्वारा इसे खाली नहीं कराया जा रहा है। आरोप लगाया कि राजस्व विभाग के कुछ लोगों द्वारा भूमिया से साठ गाँठ कर ऐसा किया गया है, जिसकी वजह से उक्त सरकारी भूमि खाली नहीं कराई जा रही है। संपूर्ण समाधान दिवस में उक्त शिकायतों के अलावा तमाम अन्य लोगों ने भी शिकायतें दर्ज करायी। जिस पर मौजूद अधिकारियों ने संबंधितों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सचिन वर्मा और नायब तहसीलदार जितेंद्र शर्मा सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# रोडवेज बस का टायर फटा, बड़ा हादसा टला....

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। लखनऊ से रायबरेली जा रही रोडवेज की एक बस का टायर अचानक मोहनलालगंज तहसील के सामने फट गया।घटना तहसील गेट के पास हुई, जहां बस संख्या वढ 33 उळ 2442 का अगला दाहिना टायर तेज धमाके के साथ फट गया। तेज आवाज सुनकर आस-पास के दुकानदार और राहगीर दहशत में आ गए हादसे के समय बस की रफ्तार कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया चालक मनीष कुमार शुक्ला ने तुरंत बस को नियंत्रित किया और सड़क किनारे खड़ा कर दिया वहीं परिचालक विनय कुमार शुक्ला ने सूझबूझ दिखाते हुए बस में सवार सभी करीब 40 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

चालक की सूझबूझ और परिचालक की तत्परता से सभी यात्री सुरक्षित, आधे घंटे बाधित रहा यातायात...

घटना के बाद मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित हो गया और लगभग आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात व्यवस्था संभाली और करीब 30 मिनट बाद स्थिति सामान्य हो सकी।परिचालक ने अन्य बसों की मदद से यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन लोगों में डर का माहौल देखने को मिला स्थानीय लोगों ने रोडवेज प्रशासन से मांग की है कि बसों की समय-समय पर तकनीकी जांच कराई जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# जमीनी विवाद को लेकर मारपीट तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज.....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के नटोली गांव में जमीन विवाद को लेकर किसान और उसके परिजनों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है पीड़ित मोतीलाल पुत्र श्री बृज किशोर निवासी ग्राम नटोली ने निगोहां थाने में दी गई तहरीर में तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।मामला नटौली गांव के ही तीन लोग आशु पुत्र रामसागर, आशीष पुत्र रामसागर और अतुल पुत्र रामकरण गांव की सहन भूमि की मिट्टी काटकर उसे अपने खेत में भर रहे थे जब मोतीलाल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने पहले उन्हें और उनके भाई को गंदी-गंदी गालियां दीं और फिर लात-घूंसे और रॉड से मारपीट शुरू कर दी शोर सुनकर मोतीलाल की पत्नी और उनके पिता मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और गालियां देते हुए उन्हें भी पीटा, जिससे सभी को गंभीर चोटें आईं मारपीट के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए पीड़ित मोतीलाल ने इसकी लिखित तहरीर थाना निगोहां में दी जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है और शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की बात कही है।

# दो दशक से इलाके के किसान काफी परेशान

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह

मोहनलालगंज। इलाके के हजारों किसानों को इंतजार है कि, काश! कोई ऐसी योजना आए, जिसमें अन्नदाता की संज्ञा से नवाजे जाने वाले किसानों के खेत की मेड़ तक सिंचाई का महफूज साधन नहर का पानी भी खेत तक पहुंच जाये जैसे विभिन्न योजनाओं के तहत हर घर में बिजली पहुंची है हर रसोई में गैस सिलेण्डर पहुंचा है वैसे ही किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने के लिए कोई नई योजना बनाने की जरूरत नही बल्कि पुरानी जो नांलिया ही सिंचाई विभाग की थी जिन नालियों से खेतों में पानी पहुंचता था बस उन्ही को नजरी-नक्शा में ढूढ लिया जाये और साफ-सफाई करा दी जाये तो आज भी उन्ही खेतों से सोना उगने में देर नही होगी वर्तमान समय में पानी की किल्लत से जमीन बजंर होती जा रही है।

### कई किलोमीटर तक जाता था नहर का पानी:–

किसानों को दो दशक पहले इन्ही माइनरों और रजबहों से खेतों की सिंचाई के लिए कई किलोमीटर तक पानी मिलता था जिसमें रायबरेली रजबहे से ही कमालपुर बिचिलका और निगोहां मस्तीपुर कलन्दरखेड़ा सहित दर्जनों माइनरों से हजारों हेक्टेयर में फैली हुई फसल की सिंचाई बड़ी आसानी के साथ होती थी।

### अंतिम दौर में है कुलाबों और नालों की जिंदगी: –

खेतों तक पहुंचने वाली नांलियां पूरी तरह गायब हो चुकी है पहले नहर से पानी कुलाबें में आता था फिर नाले में तब्दील होते हुए ये पानी सिंचाई विभाग की नांलियों के सहारे खेतों में पहुंचता था किंतु अब नहरों के कुलाबें ढूढे नही मिल रहे है और नालें भी पूरी तरह साफ-सफाई न होने के कारण अपनें ही अस्तित्व की अंतिम जंग लड़ रहे है नई पीढ़ी के किसान अब यहां तक भूल चुके है कि रजबहों और माइनरों से कभी पानी भी सहुलियत के साथ खेतों तक पहुचता था।

### ऐसे गायब हुई है नांलियां:–

निजी बिल्डर्स ने कही पर नालों को पाटकर आलीशान इमारत बना डाला है तो ही पर प्रापर्टी डीलरों से खेतों तक पानी पहुचानें वाली नांलियों को अपनें प्लाट में मिला लिया है सरकारी पक्की नांलियां देखरेख के अभाव में टूट गयी है इसमें पानी खेतों तक ले जाना कतई संभव नही बचा है क्योंकि पक्की बनी हुई नांलियों की ईट वर्तमान समय में उखड़ चुकी है।

## संक्षेप

### 48 घंटे से बिजली गुल, अंधेरे में जी रहे ग्रामीण मोमबत्ती से चला रहे काम

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील स्थित फतेहपुर खालसा गांव में पिछले 48 घंटों से बिजली गुल है। ग्रामीण मोमबत्ती और चिराग की रोशनी में जीने को मजबूर हैं। गांव में बिजली की लाइनें जर्जर हालत में हैं। ये लाइनें रोजाना टूटकर नीचे गिर जाती हैं। नंगे तारों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीण इसी डर में जी रहे हैं।बिजली की समस्या से जूझ रहे लोग जेई और लाइनमैन से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन कोई फोन नहीं उठा रहा है। अंधेरे में चलने की वजह से नसीर नाम के व्यक्ति खड़ंजे पर गिरकर चोटिल हो गए।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अस्पाक के अनुसार, गलियों में अंधेरा होने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण जंगली जानवरों से भी परेशान हैं। इस मामले में जब संबंधित जेई संतोष कुमार श्रीवास्तव से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया समाजसेवी हफीज खान, आसिफ खान, फरमान, वसीम मने, शमीम और गुलिस्तान खान समेत सैकड़ों ग्रामीणों की यही समस्या है। आजादी के 75 साल बाद भी सरकार के विकास के दावों के बीच यह हकीकत सामने आई है।

### अपना रुपया मांगना युवक को पड़ा महंगा दबंगो ने की मारपीट

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के जमुनिया बंगर गांव में एक व्यक्ति की बीमार पत्नी के इलाज के लिए खेत गिरवी रखने का मामला सामने आया है। रामबाबू (28) ने अपनी पत्नी की अचानक बिगड़ी तबीयत के कारण एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए अपना खेत गिरवी रख दिया। इस दौरान उनके चचेरे भाई महेश ने गिरवी रखे व्यक्ति से धोखे से 10,000 रुपए और ले लिए। जब रामबाबू को इस बात का पता चला, तो उन्होंने शुक्रवार रात करीब 11 बजे इसका विरोध किया।विरोध से नाराज होकर महेश, अवधेश, राजेंद्र और संतोष ने मिलकर रामबाबू की पिटाई कर दी। बचाने आई उनकी पत्नी को भी नहीं बख्शा गया। पीड़ित पत्नी का आरोप है कि रामबाबू पर चाकुओं से भी हमला किया गया।घायल रामबाबू को सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मामले में प्रार्थनापत्र मिला है और घटना की जांच की जा रही है।

### पुलिस ने दो वारंटीयो को किया गिरफ्तार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गाँव सगवर निवासी अंशु पुत्र चन्द्रबली व कुलदीप पुत्र बिंदा प्रसाद पर कुछ वर्ष पूर्व मारपीट कर चोट पहुँचाने का मुकदमा दर्ज किया गया था । मा०न्याया०द्वारा जारी पेशियों में वह नियत तारीख में नही पहुँच रहा था जिसके कारण वारंट जारी हुआ था। थाना पुलिस ने वारंट के आधार पर अंशू व कुलदीप को गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया।

# मायूस हुए फरियादी, किसी कारणवश संपूर्ण समाधान दिवस में नहीं पहुंचे डीएम

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 365 फरियादियों ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई जिनमे राजस्व के 157, विकास के 48, पुलिस 43, पूर्ति विभाग के 21 सहित अन्य 96 प्रार्थना पत्र आए जिसमें 15 राजस्व के मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम के आने का फरियादी इंतजार करते रहे न आने पर एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर मायूस वापस लौट गए हैं। चंद्र शेखर अज्जेया खेड़ा ने बताया कि खेत पर जाने के लिए सार्वजनिक रास्ता है जिसको गांव के ही श्रीराम राजेंद्र,राघवेंद्र व अंशु ने जबरन कब्जा कर खंभे गाड़ दिए है जिससे रास्ता बंद हो गया है। नेवलगंज निवासी शिवानी ने बताया कि लेखपाल आय जाति प्रमाण पत्र पर आख्या नहीं लगा रहे सुविधा शुल्क की मांग कर रहे है। दिगपाल खेड़ा हसनपुर निवासी जंग बहादुर ने बताया कि 11 बार प्रार्थना पत्र दे चुका हु लेकिन मौके पर लेखपाल जांच करने नहीं जाते है गांव के ही अजीत ने जमीन पर कब्जा कर लिया है।रानी खेड़ा गांव निवासी धीरेश्वर ने बताया कि एसडीएम कोर्ट से बंटवारे का आदेश हो गया था लेकिन 6 माह बाद भी क्षेत्रीय लेखपाल नाप करने नहीं गए तीन बार प्रार्थना पत्र दे चुका हु,फिर भी समस्या का समाधान नही हुआ, नवई निवाशी राकेश ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मुस्लिम समाज के पांच लोगों ने धार दार हथियार से मारकर घायल कर जिसपर पुलिस ने मुकदमा लिखने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं कर रही है। लज्जा पत्नी संतलाल ने बताया की सेरसा गांव में पांच बीघे जमीन है जिसपर गांव के ही भारत, पुतानी,विजय आदि लोगो ने कब्जा कर रखा है, तीन बार प्रार्थना पत्र दिया फिर भी समस्या का समाधान नही हुआ

# सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा जल भर शुरू की कांवड़ यात्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सावन मास की शुरूआत के साथ कांवड़ यात्रा आरंभ हो गई है। शनिवार को शुक्लागंज के गंगा घाट, महादेवन घाट और आनंद घाट से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगाजल भरा। कांवड़िए भगवा वस्त्र धारण किए, सिर पर कांवड़ लेकर जय भोले के जयकारों के साथ बाराबंकी के शिवालयों की ओर रवाना हुए। यात्रा ढोल-नगाड़ों और भगवा झंडों के साथ धार्मिक मेले का रूप ले चुकी है। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से लगातार सावन में यह पैदल यात्रा करते आ रहे हैं। प्रशासन ने यात्रा की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। नेशनल हाईवे-27 समेत प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। हर चौराहे पर होमगार्ड, सिपाही और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। एसपी दीपक भूकर के अनुसार, यात्रा की ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल कैंप, पानी और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्वयंसेवी संगठनों ने जलपान और विश्राम स्थल भी बनाए हैं। कांवड़िए अगले कुछ दिनों में विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और यात्रा में सहयोग की अपील की है।



# युवक ने महिला के साथ शारीरिक शोषण कर अपने नाम करा ली जमीन की राजस्ट्री

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। प्रेम संबंध में धोखा देकर विवाहिता से कीमती जमीन की रजिस्ट्री करवा लेने के मामले में विवाहिता ने तहसील समाधान दिवस में शिकायत कर आरोप लगाया कि करीब 4 वर्ष पूर्व से सूरत कुमार उर्फ सूरज पुत्र नन्हू कोरी निवासी शीतल खेडा मजरे सराय मनिहार थाना बिहार मुझे शादी का झासा देकर शारीरिक व मानशिक रूप से शोषण करता रहा है और मेरे कुछ वीडियो व फोटो बना लिये थे। उसके बाद जब मैंने उससे शादी करने की बात कही तो वह टालमटोल करने लगा। तब मेरे परिजनो को पता चला कि सूरज कुमार एक शादी शुदा व्यक्ति है ।तब मेरे परिजनो ने मेरा विवाह थाना बारासगवर क्षेत्र के एक गांव में कर दी फिर भी सूरज ने मुझे बहला फुसला कर व गुमराह कर मेरी शादी के 15 दिन पूर्व मुझे पाटन स्थित तहसील बीघापुर कोर्ट मैरिज करवाने के बहाने मेरी 2 विस्वा कीमती जमीन अपने नाम करवा ली। जब मेरी शादी थाना बारासगवर क्षेत्र में हो गयी सूरज ने मुझको व मेरे पति को अश्लील फोटो भेज ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। सूरज फोन कर गंदी गंदी गालिया व जान से मारने की धमकी भी देने लगा। फिलहाल समाधान दिवस में पहुँचे अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार ने पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

# विद्यालय विलय से आक्रोशित ग्रामीण व शिक्षा मित्र बैठे धरने पर



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के शिवगंज साढ़ेमऊ में विद्यालय विलय के विरोध में ग्रामीण और शिक्षा मित्र धरने पर बैठे। शिक्षा मित्र जिला अध्यक्ष सुधाकर तिवारी ने कहा कि विद्यालय विलय से बच्चों को दूर की स्कूलों में जाना पड़ रहा है। इससे उन्हें आवागमन में समस्याएं हो रही हैं।

धरने में नीरज शुक्ला, मोहित शुक्ला, आशीष शुक्ला, मयंक, हीरालाल, पूजा देवी, मंजू देवी, आरती देवी, निशा, सोनी और सबनम समेत कई ग्रामीण शामिल हुए। शिक्षा मित्रों में कुलदीप शुक्ला, ज्ञान दीक्षित, संगीता देवी, मनीषा पटेल और भानू प्रताप सिंह मौजूद रहे।

प्रदर्शनकारियों ने विद्यालय विलय की नीति पर पुनर्विचार की मांग की। उनका कहना है कि इस फैसले से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विशेषकर छोटे बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

# नशेबाज पति ने चाकू से गला रेत कर की पत्नी की हत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जंसार गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की चाकू से हत्या कर दी। ससुर शिवलाल ने बताया शुक्रवार को दोपहर 2 बजे शराब के नशे में राजेंद्र अपनी ससुराल आया। वहां पत्नी सुनीता से विवाद करने लगा। पिता के खेत जाने के बाद शाम 5 बजे फिर विवाद शुरू हुआ। सास शिववती ने बीच-बचाव की कोशिश की। इस पर नशे में धुत राजेंद्र ने सुनीता का चाकू से गला रेत दिया। बचाने की कोशिश में सास के हाथ में भी चाकू लग गया।खून से लथपथ सुनीता को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तीन बच्चों की थीं मां सुनीता की शादी राजेंद्र से 14 साल पहले हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। राजेंद्र शराब का आदी था, जिस कारण पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। 20 दिन पहले भी विवाद हुआ था। तब सुनीता के पिता शिवलाल उसे तीनों बच्चों - पायल, दिवाकर और रितिका के साथ अपने घर ले आए थे। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद की नगर पालिकाओं का रहा शानदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद की नगर पालिकाओं ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। गंगाघाट नगर पालिका ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 529वें से 94वें स्थान तक की छलांग लगाई है। उन्नाव नगर पालिका की रैंकिंग 286वें से सुधरकर 204वें स्थान पर पहुंची है। बांगरमऊ नगर पालिका ने भी प्रगति करते हुए 1298वें से 1064वें स्थान तक का सफर तय किया है। गंगाघाट में नियमित साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति में सुधार किया गया। सड़क किनारे कूड़ा डालने पर जुमार्ना लगाया गया और कई स्थानों पर कंपोस्टिंग यूनिट स्थापित की गईं।उन्नाव नगर पालिका ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता दी। स्वच्छता ऐप के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निपटारा किया गया। स्कूलों और सामाजिक संस्थाओं ने स्वच्छता रैलियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। यह सफलता स्थानीय प्रशासन, सफाई कर्मचारियों और जागरूक नागरिकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। अधिकारियों का कहना है कि जहां कमियां हैं, उन्हें और बेहतर किया जाएगा।बांगरमऊ नगर पालिका ने इस बार स्वच्छता को लेकर गंभीरता दिखाई और मोहल्लों में कूड़ेदान स्थापित कर, नियमित सफाई व्यवस्था लागू की। साथ ही, ₹स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता₹ आयोजित कर जनता को सफाई में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। उन्नाव के अपर जिलाधिकारी और नगर पालिका से जुड़े अधिकारियों ने नगर पालिका कर्मचारियों, अधिकारियों और जनता को इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य स्वच्छता रैंकिंग में और ऊपर आना है और 'ओडीएफ प्लस प्लस' की श्रेणी में सभी नगर पालिकाओं को लाना है।इस स्वच्छता अभियान की सफलता में आम नागरिकों की भूमिका भी कम नहीं रही। लोग अब घरों का कचरा निर्धारित समय पर सौंप रहे हैं, कूड़ा अलग-अलग करके देने लगे हैं और अपने घर के आस-पास की सफाई का ध्यान रखने लगे हैं। यह बदलाव समाज में सफाई के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

# चेतावनी बिंदु से 112 मीटर घटा गंगा नदी का जलस्तर



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर पिछले 48 घंटों में चेतावनी बिंदु 112 मीटर से घटकर 110.380 मीटर पर आ गया है। इससे तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राहत मिली है। गंगाघाट, शुक्लागंज और बीघापुर के निवासियों को बाढ़ और कटान का खतरा टल गया है। शुक्लागंज क्षेत्र, जो हर साल गंगा के उफान से प्रभावित होता है, इस बार सुरक्षित है। पिछले सप्ताह जलस्तर में वृद्धि के कारण कई ग्रामीण अपने मवेशी और सामान सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए नावों और राहत दलों को तैयार रखा था। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भारी बारिश की संभावना है। पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा से जलस्तर में अस्थायी वृद्धि हो सकती है। हालांकि यह खतरे के स्तर तक नहीं पहुंचेगी। गंगापुर, रेवतापुर और अटलघाट के ग्रामीणों ने जलस्तर की जानकारी और त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशासन का आभार जताया है। प्रशासन अभी भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई गई 11 बीघा जमीन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट क्षेत्र स्थित मिजार्पुर गांव में प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर 11 बीघा सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटा दिया। इस जमीन की कीमत करीब 4 करोड़ रुपये है। मिजार्पुर गांव की गाटा संख्या 347 में दर्ज यह जमीन बंजर भूमि के रूप में सरकारी संपत्ति है। गांव के करीब एक दर्जन लोगों ने 6-7 महीने पहले इस पर अवैध कब्जा कर झोपड़ियां बना ली थीं। ग्राम प्रधान अखिलेश निषाद ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी गौरांग राठी से इसकी शिकायत की। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम में लेखपाल आकांक्षा मिश्रा, मनोज यादव, उदयभान और गंगाघाट पुलिस बल शामिल थे। मौके पर जांच के बाद जेसीबी से 12 से 15 झोपड़ियां हटा दी गईं।प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी। नायब तहसीलदार ने कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई होगी। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का आभार जताया। उनका कहना था कि यह कार्रवाई गांव की शांति और विकास के लिए जरूरी थी।

# युवक ने युवती पर चाकू से किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर मोहल्ले में शनिवार को दिनदहाड़े उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अज्ञात युवक ने 22 वर्षीय युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में युवती के गले पर कई वार किए गए। जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ी। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे मोहल्लेवालों ने गंभीर रूप से घायल युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर की रहने वाली युवती किसी कार्य से बाहर निकली थी। तभी पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात युवक ने उस पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। युवक ने युवती के गले पर कई वार किए। वो मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर खून का काफी मात्रा में फैलाव देख आसपास के लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायल युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। युवती के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। ताकि आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में यह मामला आपसी रंजिश या एकतरफा प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। युवती के बयान के बाद पूरे मामले की तस्वीर साफ हो सकेगी।

## एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समाधान दिवस में कुल 51 प्रार्थना पत्र आये जिनमे 4 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। राजस्व से संबंधित 17 प्रार्थना पत्र जबकि विकास से संबंधित 02 प्रार्थना पत्र आये। पुलिस से संबंधित 09 प्रार्थना पत्रों में मौके पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने सम्बंधित थानाध्यक्षों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग के 02 जबकि अन्य विभागों से सम्बंधित 21 प्रार्थना पत्र आये। अपर जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्रों के विषय मे सम्बंधित अधिकारियों को समय से व गुडवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर तहसीलदार मनीष द्विवेदी कानूनगो अनवार अहमद,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 34 उप निरीक्षको के कार्य क्षेत्र में किया गया फेरबदल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रशासनिक कदम उठाया है। उन्होंने जिले के विभिन्न थानों में तैनात 34 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। यह स्थानांतरण उन दरोगाओं का किया गया है जो पिछले तीन वर्षों से एक ही थाने पर कार्यरत थे। कुछ अधिकारियों को शिकायतों के आधार पर हटाया गया है। थाना कोतवाली से करुणा शंकर और शिव प्रकाश पांडे को अचलगंज भेजा गया है। गंगाघाट कोतवाली से अनिल कुमार पांडे और अंजनी कुमार सिंह को भी अचलगंज स्थानांतरित किया गया है। श्याम शंकर मिश्र को थाना बिहार, रामकुमार को थाना सागर और रामप्रताप सिंह को थाना बीघापुर की जिम्मेदारी दी गई है। अचलगंज थाना से ओमप्रकाश सिंह और हरिओम सिंह को गंगाघाट थाना भेजा गया है। किशोरी लाल को बीघापुर और अंसार अहमद खान को बारासगवर से हसनगंज स्थानांतरित किया गया है।इसी तरह अन्य स्थानांतरण में अशोक कुमार को सफीपुर से सोहरामऊ, रविंद्र नारायण को चौबेपुर से गंगाघाट, दिनेश कुमार सिंह को फतेहपुर चौरासी से गंगाघाट भेजा गया है। समीम खान को थाना पूर्व, कोमल सिंह यादव को पारस अकबर और शिवपाल सिंह को थाना पूर्व से दही थाना भेजा गया है। दही थाना में तैनात दरोगा मोहम्मद मुनीस को वहीं बनाए रखा गया है। राघवेंद्र अग्निहोत्री को बांगरमऊ, अशोक विनय कुमार यादव को मोरवा और प्रेम नारायण पांडे को औरास से बिहार भेजा गया है। एसपी दीपक भूकर ने स्पष्ट किया कि यह फेरबदल कार्यक्षमता में सुधार, जवाबदेही बढ़ाने और स्थानीय प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से किया गया है। लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती से पुलिसकर्मियों की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं, ऐसे में समय-समय पर बदलाव जरूरी होता है।

# ग्राम पंचायतो में डिजिटल लाइब्रेरी व विधान सभा में बनाए जायेगे उत्सव भवन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अब ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी और हर विधानसभा में उत्सव भवन बनाए जाएंगे। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित डिजिटल पुस्तकालयों को स्मार्ट एलईडी टीवी, यूपीएस, डेस्कटॉप, प्रिंटर और गुणवत्ता युक्त फर्नीचर से सुसज्जित किया जाए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए प्रमुख प्रकाशनों की पुस्तकें डिजिटल और फिजिकल दोनों रूपों में उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि ₹ग्राम ज्ञानालय₹ की अवधारणा के माध्यम से गांव के युवाओं को बेहतर शैक्षिक संसाधनों से जोड़ा जाएगा। इसके लिए पुस्तक चयन, उपकरणों की खरीद और फर्नीचर व्यवस्था के लिए समितियों का गठन किया जाएगा। सभी कार्यों में सरकारी गाइडलाइन का पालन अनिवार्य होगा।प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक उत्सव भवन के निर्माण की योजना को भी मंजूरी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इन भवनों का उपयोग सांस्कृतिक और मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए किया जा सकेगा। इसके लिए भूमि चयन, निर्माण गुणवत्ता और वित्तीय अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

## एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सम्पूर्ण समाधान दिवस एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें मात्र 48 फरियादियों ने अपनी समस्या सुनाई। मौके पर 5 मामलों का निराकरण भी कराया गया। इस दौरान सीओ, तहसीलदार समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। शनिवार को जुलाई माह के अंतिम सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने की। इस दौरान राजस्व के 44, पुलिस के 3 व विकास से जुड़ी 1 समस्या लेकर फरियादियों ने अपील की। एसडीएम ने राजस्व के 5 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कराया। अवशेष मामलों को शीघ्र निराकरण के लिए मातहतों को निर्देशित किया। इस दौरान सीओ अजय कुमार सिंह, तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी पुरवा अमरनाथ सिंह, मौरावां थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह समेत पुलिस, विद्युत, राजस्व व नगर पंचायत समेत अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के पश्चात तहसील की मैग्जीन राजस्व दर्शन पुस्तक का विमोचन एस डी एम प्रमेश श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह व तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय ने किया।

## सम्पादकीय

# कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

भारतीय कृषि क्षेत्र अभी भी अनेक संकटों के दौर से गुजर रहा है। केंद्र में वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी की राजग सरकार आने के बाद से कृषि क्षेत्र की कायापलट के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई, किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुनी करने करने का संकल्प लिया गया। इसके बावजूद न ही कृषि क्षेत्र की कायापलट हो सकी, न ही कृषि लाभकारी बन सकी और न ही किसानों की आय दोगुनी हो सकी। करीब एक वर्ष से अधिक समय तक तीन कृषि कानूनों की वापसी के लिए किसान आंदोलन चला, दबाव में सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए। उसके बाद से कृषि क्षेत्र सुस्त गति से बढ़ रहा है। जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान भी 35 फीसदी से घट कर 14 फीसदी के करीब आ गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र की विकास दर 3.8 फीसदी रही, जबकि दरकार पांच फीसदी से अधिक की है। मानव कार्यबल के करीब 50 फीसदी श्रम कृषि क्षेत्र में कार्यशील हैं, इसके बावजूद यह क्षेत्र संकटग्रस्त है। देश में कृषि क्षेत्र कई समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें जलवायु परिवर्तन, भूमि की उर्वरता में कमी, सिंचाई की कमी और छोटे व खंडित जोत शामिल हैं। वहीं, विपणन और भंडारण सुविधाओं की कमी, मशीनीकरण का खराब उपयोग, और ऋण उपलब्धता भी महत्वपूर्ण समस्याएं हैं। कृषि क्षेत्र को गति देने के लिए सरकार ने पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे, 100 कम कृषि उत्पादन वाले जिलों को शामिल किया जाएगा। इनमें हर राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश से कम से कम एक जिला जरूर कवर होगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 फरवरी को आए केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की गई थी। इसमें 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत किया जाएगा। साथ में राज्य की योजनाएं और निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जोड़ी जाएगी। योजना 2025-26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक चलेगी। इस स्कीम में 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इस योजना का मकसद चयनित जिलों में ज्यादा उत्पादन, फसल विविधता, टिकाऊ खेती, आधुनिक भंडारण और हर किसान को किफायती कर्ज देना है। यह योजना देश में केवल कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों पर ही फोकस करेगी। पीएम धन-धान्य कृषि योजना में किसानों को गेहूं-धान के बजाय दूसरी फसलों और टिकाऊ कृषि तरीकों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कटाई के बाद उपज के सुरक्षित भंडारण के लिए पंचायत-स्तर और ब्लॉक-स्तर पर गोदाम, कोल्ड स्टोरेज और वैल्यू एडिशन यूनिट्स बनाई जाएंगी। हर किसान तक लंबी और छोटी अवधि का सस्ता कर्ज और सिंचाई सुविधाएं पहुंचेंगी। मिट्टी-पानी संरक्षण, जैविक खेती और जल की बचत पर खास फोकस होगा, जिससे किसान के खर्च घटे और आमदनी बढ़े। प्लानिंग और मॉनिटरिंग के लिए हर जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों को जोड़कर समिति बनाई जाएगी। हर जिले का अपना 'डिस्ट्रिक्ट एग्रीकल्चर एंड अलाइड एक्टिविटीज प्लान तैयार होगा, उसमें स्थानीय जरूरत और ताकत के हिसाब से फसल, सिंचाई, भंडारण आदि की रणनीति तय होगी। यह योजना जमीन पर कितनी उतरेगी और कृषि क्षेत्र के विकास में किस प्रकार योगदान करेगी, अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा, लेकिन अतीत की अधिकांश कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनेक अनियमितताएं व लूपहोल्स देखे गए हैं। सरकार को सतर्क रहना होगा।



समानता रिपोर्ट

उमेश चतुर्वेदी

# बेहतरी की ओर बढ़ते भारत के कदम

> विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है।

इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है।

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया। गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी। विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। इनके जरिए ग्रामीण और



शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है।

विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011-12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022-23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है। भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। जिस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज़्यादा लोगों के पास जन धन खाते थे। इनके जरिए ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इससे कवर परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके दायरे में देश भर के 32,000 से अस्पताल शामिल हैं।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के पहले हफ्ते तक इस योजना के तहत पूरे देश में 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके तहत नव उद्यमियों को 62,807.46 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। एक तरह से इस योजना के जरिए वंचित समुदाय की आर्थिक तरक्की हो रही है। आर्थिक तरक्की की राह सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है। भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाए। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसद से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है, लेकिन ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार असमानता की ओर भी ध्यान देना होगा। तभी हम सही मायने में समतामूलक और समाजवादी समाज बन सकेंगे, क्योंकि समाजवाद का मतलब पूंजी का विकेंद्रण होता है, संकेंद्रण नहीं।

## सारा संसार



*भुवनेश्वर में राम मंदिर भगवान राम, उनकी पत्नी, देवी सीता और उनके प्यारे भाई, भगवान लक्ष्मण को समर्पित एक खूबसूरत मंदिर है। भगवान हनुमान, भगवान शिव और अन्य कई देवताओं समेत यह शानदार मंदिर है।*

## आत्म ज्ञान क्या है



संकलित

दर्शन

एक इच्छा पूरी होती नहीं कि दूसरी खड़ी हो जाती है-जैसे हवाई अड्डे पर हवाई जहाज एक के बाद एक उड़ान भरते हैं। जब हम अपने मन की इस प्रवृत्ति पर ध्यान करते हैं, तभी एक गहरा प्रश्न उभरता है-जीवन का उद्देश्य क्या है? यह प्रश्न उठना ही मनुष्य होने का चिन्ह है। हम दूसरों से पूछते हैं, तुम क्या कर रहे हो? कभी-कभी स्वयं से भी पूछना चाहिए, मैं क्या कर रहा हूँ? यह प्रश्न स्वयं में ही एक साधना है। इसका उत्तर ढूँढ़ने की जल्दी मत करो। यह प्रश्न तुम्हें भीतर की गहराई में ले जाएगा। किताबें पढ़कर या केवल कुछ क्रियाएँ करके जवाब नहीं मिलते, बल्कि यह प्रश्न ही तुम्हें तुम्हारी आत्मा के करीब ले जाएगा। तो आत्मज्ञान क्या है? यह जीवन को गहराई से जीना है- ऐसी अवस्था जिसमें कोई भी परिस्थिति तुम्हें तनाव नहीं दे सकती। बल्कि तुम परिस्थितियों को प्रभावित कर सकते हो। अगर तुम्हारी मुस्कान हृदय की गहराई से आए, तो वही आत्मज्ञान है। हम सब मुस्कुराते हैं, लेकिन अंदर की मुस्कान से संपर्क टूट गया है। जब तुम उस भीतर की मुस्कान से जुड़ते हो, सरल हो जाते हो, निष्कलुष हो जाते हो, यही आत्मज्ञान है। आत्मज्ञान कोई उपलब्धि नहीं है। बल्कि अज्ञान को हटाना उपलब्धि है, तनाव और बोझ को छोड़ देना उपलब्धि है। क्योंकि हमारा मूल स्वभाव ही आत्मज्ञान है। इसलिए मानवीय और दैवीय दो अलग-अलग वस्तुएं नहीं हैं। मानव शरीर उस फल का छिलका है, और भीतर की मिठास ही दिव्यता है। और उस पर चढ़ा हुआ प्लास्टिक कवर तनाव है।

*-श्रीश्री रविशंकर*

## कोयल-अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित

प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

संस्कृति

डॉ. रमेश ठाकुर



# मत्तूरु गांव में 600 वर्षों से बोली जा रही है 'संस्कृत'

एकाध दशकों से पश्चिमी भाषा इस कदर हावी हुई है जिससे हमने अपनी पारंपरिक भाषाओं और सभ्यताओं को पीछे छोड़ दिया है, इसमें 'संस्कृत भाषा' अव्वल स्थान पर है। कड़वी सच्चाई ये है कि समूचे भारत में मात्र एक प्रतिशत भी संस्कृत का प्रचार-प्रसार, बोलचाल और पठन-पाठन नहीं बचा? ऐसे में संस्कृत से जुड़ी एक सुखद खबर मन को खुशी देती है। खबर है कि देश में आज भी एक गांव ऐसा है जहां चौबीसों घंटे सिर्फ संस्कृत ही बोली और पढ़ी जाती है। 'मत्तूरु' गांव में पिछले छह सौ वर्षों से संस्कृत जिंदा है। वहां के लोग दैनिक बातचीत में नियमित संस्कृत का प्रयोग करते हैं। संस्कृत भाषा की जो परंपरा सदियों पहले हुआ करती थी, उस गांव में अब भी यथावत है। भारत के राज्यों में एकाध गांव और भी हैं जहां संस्कृति बोली जाती है, लेकिन इस गांव में शत-प्रतिशत संस्कृत का प्रयोग होता है। 'मत्तूरु' गांव कर्नाटक से करीब 300 किलोमीटर दूर 'तुंग नदी' के समीप बसा है जिसे देश के अंतिम 'संस्कृत भाषी' गांव की उपाधि हासिल है। गांव में रहने वाले प्रत्येक शख्स को संस्कृत बोलनी, लिखनी और पढ़नी अच्छे से आती है। इस गांव में 16वीं शताब्दी से संस्कृत बोली जाती है। किसानों से लेकर नौकरीपेशा भी संस्कृत में बात करते हैं। इस अनोखे गांव का आकर्षण ऐसा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर राजीव गांधी, इंदिरा गांधी व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम भी भ्रमण कर चुके हैं। साल भर देश-विदेश के लोग गांव का विजिट करते हैं। ताज्जुब करने वाली बात ये है कि गांव में बाहरी लोगों के लिए कोई होटल या रेस्त्रा नहीं है। अतिथियों का गांववासी अपने यहां खाना और रुकने की व्यवस्थाएं निःशुल्क करते हैं। संस्कृत प्रेमी जब पहुंचते हैं तो गांव वाले उन्हें पानी और गुड देकर स्वागत करते हैं। संस्कृत के अलावा वहां हिंदी या अंग्रेजी में गांव के लोग एक शब्द भी नहीं बोलते। निश्चित रूप से अंग्रेजी और अन्य देशी-विदेशी भाषाओं ने संस्कृत को पीछे धकेला हो, लेकिन 'मत्तूरु' गांव आज भी संस्कृत की संस्कृति को सहेजे हुए है। भारतीय अपनी देशी भाषाओं को छोड़ बाहरी भाषाओं को अधिक व्यावहारिक और उपयोगी मानने लगे हैं। लेकिन 'मत्तूरु' गांव में विभिन्न देशों के लोग संस्कृत सीखने लगातार पहुंच रहे हैं। 'भाषा एंव संस्कृति मंत्रालय' का ताजा आंकड़ा बताता है कि भारत में पिछड़ती भाषाओं को विदेशी लोग बड़े चाव से सीख रहे हैं। विदेश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में हिंदी और संस्कृत प्रमुखता से पढ़ाई जाने लगी है जिनके प्रोफेसर या विशेषज्ञ कोई भारतीय नहीं, बल्कि विदेशी ही हैं, जो हमारे यहां से सीखकर गए हैं। ये अपने आप में बड़ा मुद्दा है कि जिन भाषाओं को हम नकार रहे हैं उन्हें विदेशी अपना रहे हैं? इसके पीछे का लॉजिक हमें समझना होगा? भविष्य में हमारे लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एआई का बढ़ता महत्त्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की। असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

*-रमेश प्रताप सिंग, सरायपाली*

# मैं निगोहां हूं ! काश लौटा दें कोई मेरे वो दिन!

## बागों में छांव, खलिहानों में रौनक, अब कहाँ देखने को मिलेगी?

मैं निगोहां हूं--- मैं प्रदेश की राजधानी का अंतिम कस्बा हूं और द्वापर युग से लेकर आज तक कई इतिहास भी समेटे हुए हूं। हमारा नामकरण भी राजा नहुष के कारण निगोहां पड़ा। हमने अज्ञातवास के दौरान पांचो पांडवों को भी शरण दी थी और निगोहा के ही चंद सरोवर में उन्हें पानी भी पिलाया था और विश्राम भी कराया था। राजधानी का अंतिम कस्बा होने के कारण रायबरेली जाने वाले दिग्गज राजनेता, जिसमें कई प्रधानमंत्री भी शामिल हैं, हमारे पास से होकर गुजरें है। यही नहीं संत समागम में भी हमने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और तीन दशक पूर्व मथुरा के एक संत ( बाबा जय गुरु देव ) ने बड़े पैमाने कई दिनों तक हमारे पास यहीं पर सत्संग भी किया।

लेकिन समय बदला और मेरा परिवेश भी बदल गया। कभी हमारे हृदय में लहराती फसले होती थी, बैलगाड़ियों से अनाज जाता था, खेत-खलियानों में रौनक होती थी। अब बाग खलिहान और खेतों में फसल नहीं, बल्कि गगन को चूमती हुई इमारतें खड़ी हो गई है। खेतों में खेती नहीं हो रही है बल्कि मकान बनाए जा रहे हैं। इससे निगोहां की भौगोलिक स्थिति भी बदल चुकी हैं। जिन आंखों से गाँव देखा था, उन्ही नजरों से शहर भी देख रहा हूं। इलाके में लगभग 70 से अधिक गांव है, ऐसा कोई भी गांव नही बचा रहा ,जहां पर निजी विकसित कम्पनियों का डेरा न हो। तेजी के साथ कृषि योग्य भूमि का बदलाव हुआ। कुछ दिन बाद सबसे ज्याद दिक्कत तो तब आयेगी जब गेहूँ, धान, और अन्य फसल के लिए जमीन नही बचेगी। खेती का रकबा घटने के कारण फसलों के उत्पादन में भी भारी गिरावट भी देख रहा हूं। और ये भी देख रहा हूं कि लोग अब भी घर से निकलकर सीधे खेतों में फार्म हाउस बनाकर शिफ्ट हो रहे है। बागो की छांव, खलिहानों में रौनक, अब कहाँ देखने को मिलेगी?

(ये लेखक के अपने विचार है)

## ट्रेंड

### कृषि को प्रोत्साहन



आज केंद्रीय कैबिनेट ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देशभर में 100 एग्री-डिस्ट्रिक्ट चयनित किए जाएँगे, जहाँ 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं का समन्वय कर वैज्ञानिक व आधुनिक कृषि को प्रोत्साहित किया जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सेंटर का उद्घाटन



आज मुंबई के बीकेसी में भारत में टेस्ला के पहले एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह केवल एक एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन नहीं है; यह एक शक्तिशाली संदेश है - टेस्ला यहाँ है, और इसने सही शहर और सही राज्य चुना है: मुंबई, महाराष्ट्र!

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री



असम का मुख्यमंत्री भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है - और, कुछ ही समय में कांग्रेस के बब्बर शेर उसे जेल पहुंचाएंगे। इसका डर उसकी आंखों में साफ दिख रहा है - क्योंकि उसे अब न मोदी बचा पाएंगे और न ही शाह!

-राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

### यही किरदार है



एक साल में तीन फिल्में बनायीं और तीनों में अलग-अलग भूमिकाएँ। ऐसा प्रदर्शन जो सब से अलग, किरदार ; कहीं भी नहीं लगा कि ये अभिषेक बच्चन है, यही लगा कि यही किरदार है। मेरा हृदय से आशीर्वाद।

-अमिताभ बच्चन, अभिनेता

## संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज में दिव्यांग शौचालय बंद मिला

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में पीजीआई की जांच टीम ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। टीम ने दिव्यांगों के लिए बने शौचालय में ताला लगा पाया। इस दौरान प्रिंसिपल ने मीडिया कवरेज को प्रतिबंधित रखा। जांच टीम ने आकस्मिक कक्ष, जन औषधि केंद्र, शौचालय और ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके मिश्रा, महिला मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके यादव और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह उपस्थित थे। जांच टीम ने जन औषधि केंद्र को ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इससे पहले टीम दुबेपुर मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण कर चुकी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, प्रिंसिपल के विरुद्ध लोकायुक्त में शिकायत दर्ज है। अस्पताल के चिकित्सकों पर प्राइवेट प्रैक्टिस करने का आरोप है। मरीजों को सरकारी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल में रेफर करने की शिकायतें भी हैं। अस्पताल में दवाएं और जांच बाहर से करवाई जा रही हैं। डिजिटल एक्सरे मशीन अनुपयोगी पड़ी है।

### प्राथमिक स्कूलों के विलय का विरोध

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों के विलय के आदेश पर विवाद शुरू हो गया है। सुल्तानपुर में मोस्ट कल्याण संगठन ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संगठन ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने 16 जून, 2025 को सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी किया है। इसमें प्राथमिक विद्यालयों का समीप के विद्यालयों से विलय करने को कहा गया है। मोस्ट ने इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन बताया है। यह अनुच्छेद 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है। संगठन का आरोप है कि जिला स्तर पर बीएसए और एबीएसए स्कूल स्टाफ से जबरन सहमति ले रहे हैं। मोस्ट के अनुसार इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। गांव, गरीब और पिछड़े समाज के बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं।

### दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुलतानपुर की रहने वाली परवीन बानो ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। उनकी शादी 3 मार्च 2013 को अयोध्या निवासी अब्दुल कादिर से हुई थी। अब्दुल शादी के समय से ही सऊदी अरब में रह रहा है। परवीन ने आरोप लगाया है कि उनकी सास बदरुल निशा, ननद शहनाज और शमीम, जेठ मोहम्मद अयूब और मोहम्मद अनीस दहेज की मांग करते थे। ससुराल वाले 10 लाख रुपये और एक कार मांगते थे। मांग पूरी न होने पर उन्हें मारपीट और गालियों का सामना करना पड़ता था।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील महसी में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

### समस्याओं का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के दिये गये निर्देश

#### 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 02 बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला अधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम. नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिला अधिकारी आलोक प्रसाद, सीओ डी.के. श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरयादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए समस्याओं का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराये जाने के सम्बन्धित अधिकारियों को निदेश दिये गये। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया की जन शिकायतों का निस्तारण पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाय ताकि फरयादियों को अनाश्यक भाग दौड़ न करनी पड़े। ग्राम रहुवामंसूर की सुघरा देवी का परिवारिक विवाद, गनियापुर के देवकीनन्दन मिश्रा चकमार्ग से अवैध कब्जा हटाने, मकरन्दपुर के राधेश्याम सिंह पैमाईश कराने, साईगांव के तुलसीराम की चकमार्ग पैमाईश, तेजवापुर के जगदीश खेत से अवैध कब्जा हटाने सहित अन्य फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाय ताकि फरियादी भी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी ग्राम भिलौरा की दिव्यांग फरियादी मंगला को डीएम ने ट्राई साईकिल देने के लिए जिला दिव्यांगजन शक्तिकरण अधिकारी को मौके पर ही निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आईसीडीएस, कृषि, स्वास्थ्य इत्यादि विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण किया। आईसीडीएम विभाग के स्टालों का डीएम व एसपी ने निरीक्षण कर गर्भवती महिला मंजूदेवी, रंजना, रूबीना खातून, शमा बेगम, मीना देवी व रामजानकी की गोदभराई तथा आयूष व अयांश का अन्नप्रासन्न कराया। उल्लेखनीय है कि डीएम की अध्यक्षता में तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 55 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील नानपारा में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 43 में 08 तथा अन्य तहसीलों में उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में पयागपुर में प्राप्त 63 में 19, कैसरगंज में 37 में 06, सदर में 16 में 02 तथा मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 14 में 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर डीएफओ बहराइच रामसिंह यादव, सीएमओ डॉ संजय कुमार, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

## समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं शिक्षक : पंकज वर्मा

### सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। ब्लाक संसाधन केंद्र शिवपुर परिसर में सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वर्ष 2024-2025 में सेवानिवृत हनुमान पांडेय, जमील अहमद, मोहम्मद् अहमद,शरीफ अहमद आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात जगन्नाथ यादव खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुर के स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह और नवागंतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी महसी का स्वागत समारोह धूमधाम से किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक, स्थानांतरित बीईओं जगन्नाथ यादव व आगंतुक बीईओं शिवपुर को स्मृतिचिन्ह, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और धार्मिक पुस्तक भेंटकर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच महामंत्री, ब्लॉक अध्यक्ष पंकज वर्मा ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं वें हमेशा समाज को नई दिशा देने का कार्य आजीवन करते रहते हैं। इस मौके पर योगेश त्रिपाठी जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष, रवि शंकर शुक्ल प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष, मोहम्मद जुबेर मंत्री, कृष्ण कुमार वर्मा, राजीव गुप्ता, राज कुमार रावत, संजय भाष्कर, प्रेमकांत, अशोक कुमार, अयोध्या प्रसाद वर्मा, जयकरण यादव,अभिषेक यादव, अरुण शुक्ल, राहुल गुप्ता, अलोक राय, राजकुमार सिंह सतेंद्र यादव आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## नजदीकी लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए वीराने में लगा दी हाई मास्क लाइट

### सरकारी धन का किया जा रहा जमकर दुरुपयोग

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। रिसिया ब्लॉक अंतर्गत एक विचित्र मामला सामने आया है। लोगों का कहना है की ब्लॉक प्रमुख द्वारा अपने नजदीकी लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए एक हाई मास्क लाइट एक बाग में लगा दी गई जहां कोई आसपास आबादी भी ज्यादा नहीं है। बताते चलें कि रिसिया ब्लॉक द्वारा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों हाई मास्क लगाया गया है। कई जगह ऐसी भी शिकायत है की लाइट लगने के दो-तीन दिन ही बात बुझ गई। जनता में इसको लेकर भारी नाराजगी है। उच्च अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर इस प्रकरण की जांच करनी चाहिए। लाइट के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है अगर वह लाइट कहीं आबादी के बीच लगी होती तो लोगों



को कितना फायदा होता। जनप्रतिनिधि अपने नजदीकी लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए मनमानी करते हैं और सरकारी धन का दुरुपयोग भी जमकर करते हैं।

## प्राचीन एवं पौराणिक स्थलों के विकास हेतु सरकार प्रतिबद्धः डॉ आनंद गोंड

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। बहराइच जनपद अंतर्गत प्रसिद्ध धर्म स्थलों के विकास व निर्माण हेतु सांसद बहराइच डॉ आनंद कुमार गोंड़ द्वारा पर्यटन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को दिए गए पत्र के माध्यम से जनपद के भूल भूलिया बाबा मंदिर सेमरी मलमला मिहीपुरवा, बुढ़वा बाबा मंदिर रामपुर धोबियाहार शिवपुर, मंगलीनाथ मंदिर राम नगर सेमरा नवाबगंज, कपूर्रे बाबा मंदिर बांग्लाचक रिसिया, मोहम्मदा समय माता मंदिर सलारपुर चित्तौरा सहित अन्य मंदिरों के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार और सुदृढ़ीकरण के साथ प्राचीन एवं पौराणिक महत्व के स्थलों पर आगन्तुक श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं हेतु आग्रह किया गया था। पर्यटन विभाग द्वारा लगभग पांच करोड़ रुपए (प्रति मंदिर 75-75 लाख) स्वीकृत किया गया है। आवंटित धन से सात मंदिरों का विकास कार्य कराया जायेगा। सांसद बहराइच डॉ आनंद कुमार गोंड ने बताया है कि सीमावर्ती जनपद की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रति डबल इंजन की सरकार प्रतिबंद्ध है एवं सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओ में शामिल भी है ।साथ ही आने वाले दिनों में अन्य प्रमुख स्थलों को चिन्हित कर चरणबद्ध तरीके से विकास कराया जाएगा। नवाबगंज स्तिथि मंगलीनाथ मंदिर के जीर्णोद्वार हेतु आवंटित धनराशि के उपलक्ष्य पर अतुल सिंह (प्रधान), अरविन्द कुमार वर्मा, विनोद गिरि, वैभव सिंह, जीतेन्द्र शर्मा, अनूप मिश्रा, पिंटू गुप्ता, अजय सिंह, जीतेन्द्र सोनी सहित अन्य समाजसेवियों ने लोकप्रिय सांसद को बधाई व धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैसरगंज तहसील दिवस संपन्न

### 33 शिकायतें प्राप्त हुई, 06 का मौके पर ही निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 06 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए गुणवत्ता पूर्वक एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग और पुलिस विभाग व विद्युत विभाग यह तीनों विभागो से संबंधित सबसे ज्यादा शिकायतें रही। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसीलदार प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार, बीडीओ कैसरगंज, फखरपुर, जरवल और ईओ जरवल, कैसरगंज सहित राजस्व लेखपाल पुलिस विभाग समेत कैसरगंज के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु पूर्व निर्धारित तिथि में हुआ परिवर्तन

26 जुलाई को सम्पन्न होगी लिखित परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु पूर्व में निर्धारित तिथि 19 जुलाई 2025 में संशोधन हो गया है। श्री रंजन ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब यह परीक्षा पूर्व निर्धारित स्थान राजकीय इण्टर कालेज में 26 जुलाई 2025 कोदो पालियों में सम्पन्न होगी। हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट की लिखित परीक्षा 26 जुलाई 2025 प्रथम पाली में प्रातः 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट लिखित परीक्षा 26 जुलाई 2025 को द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज बहराइच में सम्पन्न होगी।श्री रंजन ने बताया कि आयोजित होने वाली परीक्षा को नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी व खण्ड शिक्षा अधिकारी रिसिया पुष्पेन्द्र जैन को क्रमशः जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन

### नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस टीम ने 7 सर्विस पैकेज की जांच की, ई-संजीवनी सेवा से संतुष्ट

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, फतेपुर तिलोई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजाफत्तेपुर का मूल्यांकन किया गया। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस टीम ने वर्चुअल माध्यम से यह असेसमेंट किया। पंजाब से नेशनल एसेसर डॉ. राखी चावला और कीर्ति मान महरोत्रा ने स्टाफ का इंटरव्यू लिया। उन्होंने लाभार्थियों का असेसमेंट और सभी अभिलेखों की जांच की। टीम ने प्रेग्नेंसी केयर, फैमिली प्लानिंग, चाइल्ड और एडल्ट हेल्थ केयर की जांच की। साथ ही एनसीडी, मेंटल हेल्थ, ओरल केयर, ट्रामा और इमरजेंसी सेवाओं का भी मूल्यांकन किया। टीकाकरण और आरोग्य मंदिर की अन्य सेवाओं की भी समीक्षा की गई। एसेसर्स ने सीएचओ से ई-संजीवनी और एनसीडी स्क्रीनिंग किए गए मरीजों से बातचीत की। वे सेवाओं की गुणवत्ता से संतुष्ट दिखे। हालांकि, बायोमेडिकल मैनेजमेंट में सुधार की आवश्यकता बताई गई। यह मूल्यांकन सुबह 9:45 से शाम 4:30 बजे तक चला। इस दौरान नोडल क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. तारिक इकबाल, डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट ज्ञान मिश्रा और बीसीपीएम अनिल मिश्रा मौजूद रहे।

## 8 वीं की छात्रा ने खाया जहरीला पदार्थ

### परिजनों ने टीचर पर लगाया छात्रा को टार्चर करने का आरोप, जिला अस्पताल से मेडिकल किया

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, यूपी के जिला अलीगढ़ में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा 8 की छात्रा ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने ने परिजन उसको पहले सीएचसी लेकर आये और फिर जिला अस्पताल। यहां से डॉक्टर ने उसकी हालत गम्भीर देख जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन ने छात्रा के जहर का सेवन करने के पीछे टीचर का टॉर्चर करना कारण बताया है। घटना के बाद परिजनों के होश उड़े हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, कस्बा खैर की ब्लॉक कॉलोनी में स्नेह का परिवार रहता है। उनके पति का देहांत हो चुका है। परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती है। उन्होंने बताया कि सबसे छोटी बेटी हिमांशी 14 साल की है और कक्षा 8 की छात्रा है। जोकि कस्बा के ही राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ती है। गुरुवार को हिमांशी स्कूल गई थी। लेकिन दोपहर में उसका भाई स्कूल से बुलाकर घर ले आया था। तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टियां होने पर उनको शक हुआ। उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। आनन फानन में उसको सीएचसी खैर लेकर आये। यहां से उसको डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। आरोप लगाया कि कि करीब 8 दिन से स्कूल की एक टीचर हिमांशी को टॉर्चर कर रही थी। वह ऐसा क्यों कर रही है इसकी उनको जानकारी नहीं। क्योंकि बेटी ने इनको कुछ नहीं बताया। टॉर्चर का कारण टीचर या हिमांशी ही बता सकती है। हिमांशी अभी कुछ नहीं बोल पा रही। उधर, जिला अस्पताल के ईएमओ डॉक्टर रितेश ने बताया कि एक किशोरी को उसके परिजन लेकर आये थे। उसको प्राथमिक उपचार देने के साथ मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। सस्पेक्टेड पॉइजन का केस था। मामले की सूचना इलाका पुलिस को भिजवाई जाएगी। जांच के बाद भी पता चल सकता है कि किशोरी ने क्या खाया है।

## मोस्ट निदेशक अधिकारियों से नाराज

### बोले-योगी कि तरह घमंड में चूर डीएम-एसपी, आर्टिकल 19 के तहत करेंगे धरना

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्याम लाल निषाद का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वे कह रहे हैं योगी घमंड में चूर हैं उसे तरह से हमारे यहां का डीएम एसपी भी घमंड में चूर है मैं बताना चाहता हूं कि आप अगर घमंड में चूर होंगे हम लोग आर्टिकल 19 के तहत धरना प्रदर्शन करेंगे। मोस्ट कल्याण के तहत जिले में विद्यालय को मर्ज किए जाने को लेकर प्रदर्शन किया गया था। कलेक्ट्रेट पर जब संगठन के लोग पहुंचे तो उन्हें रोककर एसडीएम की ओर से ज्ञापन लेने की कोशिश की गई। जहां श्याम लाल निषाद ने मांग किया कि वे डीएम को ज्ञापन देंगे। उन्हें यहां आना पड़ेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब संगठन के लोग यहां शिकायत लेकर आते हैं तो उनसे अधिकारी गलत व्यवहार करते हैं। श्याम लाला निषाद ने कहा कि अधिकारी जनता की सेवा के लिए नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने शपथ ली है कि वे जनता की सेवा में कोई कमी नहीं करेंगे। लेकिन कुछ अधिकारी अपने व्यवहार से जनता को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अधिकारियों का यह रवैया जारी रहा, तो वे आर्टिकल 19 के तहत धरना प्रदर्शन करेंगे। निषाद ने कहा कि कलेक्ट्रेट से लेकर पुलिस तक के अधिकारी जनता के साथ उचित व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी तनख्वाह और सुविधाएं जनता की सेवा के लिए पाते हैं। वे जनता पर शासन नहीं कर सकते। निषाद ने मीडिया से अपील की कि उनकी यह बात सभी अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने याद दिलाया कि सभी अधिकारी लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करके आए हैं।

## मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

### सुलतानपुर में शिनाख्त का प्रयास जारी, सिर धड़ से हुआ अलग



अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, वाराणसी-लखनऊ रेलखंड के हसनपुर गुमटी के पास एक दुखद घटना सामने आई है। पोल संख्या 921/33 के निकट एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक का सिर धड़ से अलग मिला है। घटना की जानकारी उस समय मिली, जब एक व्यक्ति शौच के लिए जा रहा था। उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही बंधुआ कला पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि घटना से पहले वहां से एक मालगाड़ी गुजरी थी। उप निरीक्षक राम प्रकाश सिंह के अनुसार, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## टीकाकरण को लेकर ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला

### एक भी बच्चा और गर्भवती महिला टीका से वंचित न रहे, स्वास्थ्य अधिकारियों ने दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण अभियान को लेकर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर एमके त्रिपाठी ने कार्यशाला में उपस्थित एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित किया। डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी केंद्रों पर नियमित टीकाकरण समय पर होना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि एक भी बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे। साथ ही विभाग की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक घर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आलोक तिवारी ने सभी अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत किया। उन्होंने शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला में एएनएम, सीएचओ, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक और चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार पटेल, लालमणि, जयदीप सिंह, एमके पटेल, चंद्रिका शुक्ला, दीपक शुक्ला, नीरज सिंह, बृजेश सिंह अमरजीत, अनीता शुक्ला और आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### फ्लाईओवर पर कांवड़िए को बाइक ने टक्कर मारी

**घायल का कैंप में कराया गया इलाज, साथी कांवड़ियों ने बाइक चालक को छोड़ा**

मेरठ, फ्लाईओवर पर एक अपाचे बाइक सवार ने कांवड़ यात्री को टक्कर मार दी। हादसे में द्वारकापुरी, दिल्ली के रहने वाले शिवभक्त सूरज मामूली रूप से घायल हो गए। घटना बृहस्पतिवार को हुई, जब सूरज अपनी टोली के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिल्ली जा रहे थे। टक्कर के बाद कांवड़िया सड़क पर गिर पड़ा। साथी कांवड़ियों ने बाइक सवार को पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान अन्य कांवड़ियों की टोली भी वहां आ गई। पुलिसकर्मियों और अन्य कांवड़ियों ने स्थिति को संभाला। उन्होंने घायल कांवड़िए और उसके साथियों को समझा-बुझाकर शांत किया। इसके बाद बाइक सवार को छोड़ दिया गया। घायल कांवड़िए को नजदीक में स्थित भाजपा नेता अमित गर्ग के कांवड़ शिविर में ले जाया गया। वहां इलाज के बाद उसे अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

### बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान

**डिस्कॉम के सभी वितरण खंडों में तीन दिवसीय मेगा कैंप शुरू, बिल संशोधन की भी सुविधा**

बुलंदशहर, ऊर्जा निगम ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए एक बड़ी पहल की है। डिस्कॉम के सभी वितरण खंडों में तीन दिवसीय मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को चीफ इंजीनियर संजीव कुमार ने इन कैंपों का शुभारंभ किया। कैंप 17, 18 और 19 जुलाई तक सभी उपखंड कार्यालयों में चलेगा। इसमें उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इनमें बिल संशोधन, नए कनेक्शन, भार वृद्धि, खराब मीटर बदलने, विद्युत श्रेणी में परिवर्तन और बिल जमा करने जैसी सुविधाएं शामिल हैं। कैंप की निगरानी के लिए अधीक्षण अभियंता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। लखनऊ मुख्यालय से 29 अधिकारियों को कैंप के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक खंड में अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता की देखरेख में कैंप सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी उपभोक्ता को बिना शिकायत पंजीकरण के वापस नहीं भेजा जाएगा।

### नगर पालिका की बोर्ड बैठक में हंगामा

**सभासद को निष्कासित करने की धमकी, पुलिस बुलाई; 8 करोड़ के प्रस्ताव पास**

बुलंदशहर, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। बैठक में कुल 52 प्रस्ताव रखे गए। इनमें से 49 प्रस्तावों को बहुमत से पास कर दिया गया। तीन प्रस्तावों को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया। विवाद तब शुरू हुआ जब सभासद आकाश पंडित ने अपने हटाए गए बोर्ड को लेकर आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका बोर्ड कूड़े में फेंक दिया गया। सभासद नीरज चौधरी ने भी इस मुद्दे पर आकाश का समर्थन किया।

# मूर्ति अनावरण के साथ मनाई गई समाजसेवी की प्रथम पुण्यतिथि

## सांसद विधायक ने अनावरण कर अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत टरुवापुर गांव निवासी शिक्षा जगत को महत्वपूर्ण योगदान देने वाले समाज सेवी स्वर्गीय डॉक्टर शिवनारायण निषाद उर्फ डॉक्टर एस एन निषाद की प्रथम पुण्यतिथि पर समाजसेवी की मूर्ति का अनावरण किया गया बैजनाथ माधुरी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे फतेहपुर सांसद नरेश उत्तम पटेल एवं जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने फीता काटकर माल्यार्पण करते हुए समाजसेवी की मूर्ति का अनावरण किया विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के व्यवस्थापक अंकित निषाद समेत प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथियों का बैच अलंकरण माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट करते हुए भव्य स्वागत किया वही विद्यालय प्रांगण में सर्वप्रथम वेद मंत्रों की ध्वनि से हवन यज्ञ कार्य संपन्न हुआ यज्ञादि कर्म के पश्चात विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही सभी बालिकाओं समेत आमंत्रित ग्रामीण बालिकाओं का रोली टीका करते हुए कन्या भोज प्रारंभ कराया गया वही कन्या भोज के पश्चात विशाल भंडारा आयोजित हुआ जहां सभी बच्चों समेत पहुंचे अभिभावक गणमान्य लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समाजसेवी डॉ एस एन निषाद की धर्मपत्नी मनोरमा देवी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बैजनाथ माधुरी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज के संस्थापक डॉ शिवनारायण निषाद का जन्म वर्ष 1973 की 20 जुलाई को हुआ था बाल्यकाल शिक्षा दीक्षा के पश्चात डॉ एस एन निषाद समाज सेवा की ओर बढ़ गए जहां क्षेत्र के निर्धनों की चिकित्सा समेत शिक्षा इत्यादि पर विशेष सहयोग प्रदान किया क्षेत्र में विद्यालय न होने के कारण बच्चों को सुदूर क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने जाना पड़ता था जिसके लिए समाज सेवी ने टरुवापुर गांव में इंटर कॉलेज की स्थापना कर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित कर बच्चों के लिए एक सराहनीय कार्य किया निरंतर सराहनीय कार्य करते हुए समाजसेवी का विगत वर्ष 2024 की 19 जुलाई को बीमारी के चलते हृदय गति रुक जाने से देहावसान हो गया जिससे समस्त क्षेत्र शोकाकुल हो उठा वही विद्यालय प्रबंध समिति के सहयोग से विद्यालय की प्रधानाचार्या समाजसेवी की पत्नी मनोरमा देवी ने कटिबद्धता दिखाते हुए विद्यालय की कमान संभाली जिससे शिक्षा जगत में समाजसेवी का निरंतर नाम ऊंचा हो रहा है आए हुए सभी अतिथियों का विद्यालय की प्रधानाचार्या मनोरमा देवी ने सादर आभार व्यक्त किया इस मौके पर मुख्य अतिथियों के साथ डाक्टर शिवनारायण निषाद की पत्नी सावित्री देवी व्यवस्थापक अंकित निषाद प्रबंध समिति के सदस्य हवलदार आशीष सरिता दिव्यांशी प्रियंका समेत विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र गणों ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

# तहसील परिसर में आयोजित हुआ समाधान दिवस

## जिलाधिकारी ने विधायक की मौजूदगी में किया जनसुनवाई

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी/फतेहपुर। शनिवार को तहसील के सभागार कक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल तथा जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। कुल 270 शिकायतें आई जिसमें सबसे अधिक 137 राजस्व विभाग की शिकायतें रही 42 पुलिस विभाग की शिकायतें तथा 29 शिकायतें विकास से संबंधित रहे चार शिकायतें समाज कल्याण विभाग की रही 56 अन्य शिकायतें रही छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया संपूर्ण समाधान दिवस में मलवा ब्लॉक के जलाला गांव निवासी रामचंद्र सैनी ने शिकायत किया कि उनकी पत्नी सुनीता देवी के नाम से राशन कार्ड बना हुआ था लेकिन उनका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है जिसमें कारण बताया गया है कि उनका पुत्र शब्बीर आयकर दाता है। शिकायत किया कि कारण पूरी तरह से गलत बताया गया है क्योंकि वह हिंदू है और उसके दो पुत्र सुंदर सैनी उम्र 10 वर्ष तथा कार्तिक सैनी उम्र 4 वर्ष है रामचंद्र सैनी ने अपना राशन कार्ड बहाल करने की मांग किया है मंडराव गांव निवासी भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के खजुहा ब्लॉक अध्यक्ष अंगद सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में पात्र लोगों को आवासीय पट्टा गांव में देने की मांग किया यह भी मांग किया कि गांव में चकबंदी के दौरान मंदिर स्कूल प्राथमिक अस्पताल कन्या विद्यालय शमशान घाट तथा बागवानी के लिए जमीन आरक्षित की गई थी लेकिन कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है ऐसी जमीन को नाप कराकर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

### बुढ़वा गांव में सात माह का 54000 बिजली बिल

जहानाबाद थाना क्षेत्र के बुढ़वा गांव की चुन्नी पत्नी स्वर्गीय शिव प्रसाद ने शिकायत किया कि एक किलो वाट के घरेलू कनेक्शन में 7 माह का 54000 बिल आ गया है विद्युत बिल सुधारने की मांग किया औंग थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव के राम प्रकाश ने शिकायत किया कि गांव के कुछ लोगों ने दबंगई के बल पर उनकी घूमदारी जमीन पर कब्जा किया है जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग की गई। मिजार्पुर मकरंदपुर गांव के गांव के उमाकांत कुशवाहा ने गांव में सरकारी जमीन में किए गए अवैध कब्जे को हटाने की मांग किया। उपजिलाधिकारी दुर्गेश सिंह यादव तहसीलदार अचिलेश कुमार सिंह नायब तहसीलदार रचना यादव तथा प्रतिमा द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चेन स्नैचिंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने रेलवे ट्रैक के पास से पकड़ा, चोरी की बाइक और चेन बरामद**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने चेन स्नैचिंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो सोने की चेन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दादरी थाना क्षेत्र में कंट्रोल रूम को चेन स्नैचिंग की सूचना मिली। सूचना में बताया गया कि बदमाशों ने फायरिंग भी की है और अजायबपुर रेलवे स्टेशन की तरफ भाग गए हैं। पीआरवी 2554 और 1860 को तुरंत मौके पर भेजा गया। एक घंटे की तलाश के बाद पुलिस ने न्यू बोडाकी रेलवे जंक्शन के पास फोरमी कंपनी के पीछे से तीनों आरोपियों को पकड़ लिया. आरोपियों की पहचान मुकेश यादव (सम्भल), संजू यादव (बदायूं) और गौरव बाल्मिकी (बुलंदशहर) के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि एक चेन आज फोरमी कंपनी के पास से छीनी गई थी। दूसरी चेन पहले की वारदात से जुड़ी है। बरामद मोटरसाइकिल भी चोरी की निकली। संजू यादव और गौरव बाल्मिकी पहले भी जेल जा चुके हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

# हाथ-पैर पर सुसाइड नोट लिखकर महिला ने जान दी

**पति ने कई दिन भूखा रखा, करंट लगाया; बागपत में मांगा था तलाक**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, पति के तलाक मांगने पर पत्नी ने जहर खाकर जान दे दी। हाथ-पैर पर सुसाइड नोट लिखकर अपनी मौत का कारण भी बताया। लिखा- मेरी मौत के जिम्मेदार मेरे पति, सास, ससुर और दो देवर हैं। पति ने मुझे कमरे में बंद करके पीटा, कई दिनों तक भूखा रखा। करंट देकर जान से मारने की कोशिश की। फोन करके तलाक देने की बात कही। इसके बाद महिला ने जहर खा लिया। जब परिजनों ने उसके कमरे का दरवाजा खोला, तो शव बेड पर पड़ा था। मुंह से झांग निकल रहा था। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामला छपरौली के रठौंडा गांव का है। महिला एक साल से मायके में रह रही थी। रठौंडा गांव की मनीषा की शादी 26 नवंबर 2023 में नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के सिद्दीपुर गांव निवासी कुंदन (28) से हुई थी। मनीषा के भाई विवेक ने बताया- शादी के कुछ दिन बाद ही कुंदन कार की मांग करने लगा। इसी को लेकर आए दिन वह मनीषा को मारता-पीटता था। एक साल पहले उसने कार की मांग को लेकर मनीषा को कमरे में बंद करने खूब पीटा। इसके बाद मनीषा ने अपने पिता को फोन करके पूरी बात बताई। पिता बेटी के ससुराल आए और बेटी को लेकर घर चले गए। तब से वह अपने मायके में ही रह रही थी। चार दिन पहले रविवार को कुंदन मनीषा को लेने के लिए गया। जहां दोनों में बातचीत हुई और कुंदन अकेले लौट आया। इसके बाद उसने मनीषा को फोन करके तलाक देने की बात कही। जिसके बाद मनीषा ने बुधवार को जहर खाकर जान दे दी। महिला ने सुसाइड नोट में लिखा- मेरी मौत के जिम्मेदार पति, सास, ससुर और दो देवर हैं। जो रठौड़ा आकर मेरे पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देकर गए हैं।

# कांवड़ यात्रा के लिए बाइक एंबुलेंस सेवा शुरू

**भीड़ वाले इलाकों में तुरंत मिलेगी मेडिकल सुविधा, डीएम ने किया रवाना**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को त्वरित चिकित्सा सहायता देने के लिए जिला प्रशासन ने बाइक एंबुलेंस सेवा शुरू की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से बाइक एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्गों पर भीड़ और जाम की स्थिति में सामान्य एंबुलेंस का पहुंचना मुश्किल होता है। बाइक एंबुलेंस से तीर्थ यात्रियों को तुरंत प्राथमिक उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तीरथ लाल ने बताया कि बाइक एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार की सभी सुविधाएं दी गई हैं। इसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गई है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशवीर सिंह के अनुसार, बाइक एंबुलेंस का संचालन उन स्थानों पर होगा जहां सामान्य एंबुलेंस नहीं पहुंच सकती। इससे



बीमार यात्रियों को जल्द राहत मिलेगी और समय पर इलाज से जान भी बचाई जा सकेगी। हर साल सावन में लाखों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने शिवालयों तक कांवड़ यात्रा करते हैं। जिला प्रशासन की यह पहल आपात चिकित्सा सुविधा को मजबूत करेगी।

# कैंट इलाके में पांच चोरी की वरदात से हड़कंप

- लेफ्टिनेंट कर्नल के बंद मकान समेत तीन जगह चोरी, सुरक्षा पर सवाल

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, चोरों ने कैंट क्षेत्र में तीन घरों को खंगाल दिया। इनमें एक घर लेफ्टिनेंट कर्नल का है, जहां ताला पड़ा हुआ था। कैंट क्षेत्र में एक माह में पांच चोरियों से सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। जबकि कावड़ यात्रा के लिए पुलिस सड़क पर है। सीसीटीवी कैमरे से चोरों की तलाश हो रही है। विक्रम बत्रा एंक्लेव में लेफ्टिनेंट कर्नल रणदीप मलिक का परिवार रहता है। रणदीप गुरुग्राम किसी कार्य से गए हुए थे। उनका परिवार भी घर पर ताला लगाकर किसी रिश्तेदारी में चला गया। बुधवार को परिवार को पड़ोसियों ने सूचना दी कि मकान का ताला टूटा हुआ है। रणदीप मलिक व उनके परिवार घर लौट आए। जाकर देखा तो चोरी हो चुकी थी और अलमारी से कीमती सामान गायब था। चोरी की सूचना पर सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस अभी छानबीन कर ही रही थी कि पता चला दो और मकानों को रात में निशाना बनाया गया है। अब पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे तलाश रही है। ऐसे समय में जब कावड़ यात्रा के चलते पुलिस सड़क पर है, एक साथ तीन मकान में चोरी होना सुरक्षा पर सवाल उठाता है। क्षेत्र के लोगों की माने तो 15 दिन की भीतर कैंट में पांच चोरी हो चुकी हैं। सीओ कैंट संतोष कुमार सिंह का कहना है कि चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस की दो टीम काम कर रही हैं। सीसीटीवी कैमरे से चोरों का पता लगाया जा रहा है।

# करोबारी से ठगे 4 करोड़ :फर्जी दस्तावेज लगाकर 10 करोड़ का लोन दिलाया

## अदालत के आदेश पर छह पर मुकदमा

संवाददाता




नोएडा, एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र स्थित एक कंपनी के मालिक को दिल्ली निवासी व्यक्ति की संपत्ति के फर्जी दस्तावेज पर 10 करोड़ रुपए का लोन दिला दिया। आरोपियों ने इसके एवज में चार करोड़ रुपए ठग लिए। पीड़ित ने अदालत के आदेश पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-129 निवासी संदीप कुमार ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपनी कंपनी में निदेशक हैं। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाती है। उन्हें कारोबार को बढ़ाने के लिए रुपयों की आवश्यकता थी। साल 2021 में लोन एजेंट सलमान से संपर्क किया। उसने 10 करोड़ रुपए का लोन दिलाने का आश्वासन दिया। उन्हें दिल्ली के शालीमार बाग निवासी आशीष गोगिया से मिलवाया। दोनों ने पीड़ित को सेक्टर-18 स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा के कर्मचारी प्रियंका अग्रवाल और कथित क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष सिंह से मिलवाया। दोनों कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि वह संपत्ति की एवज में इतनी बड़ी राशि बतौर लोन देते हैं। पीड़ित ने उन्हें बताया कि इतनी बड़ी रकम के लिए उनके पास संपत्ति नहीं है। इसके बावजूद आरोपियों ने उनकी संपत्ति के दस्तावेज मंगवा लिए। साथ ही कहा कि वह एक ऐसा व्यक्ति देंगे, जिसके पास इतनी धनराशि की संपत्ति है। वह दोनों लोगों की संपत्ति मिलाकर लोन जारी करा देंगे। इस पर बैंक कर्मियों ने शर्त रखी कि इसकी एवज में उस व्यक्ति को उन्हें कंपनी में निदेशक बनाना होगा। साथ ही लोन की रकम में से 30 प्रतिशत उस व्यक्ति को देने होंगे। दोनों बैंक कर्मियों ने दिल्ली के पटेल नगर निवासी अनिल शर्मा नामक व्यक्ति से मिलवाया। उसके पास 300 वर्गगज का एक भूखंड दिल्ली के शकरपुर में था। बैंक कर्मियों के कहने पर शिकायतकर्ता ने अनिल शर्मा को अपनी कंपनी में निदेशक बना दिया। आरोपियों ने अनिल शर्मा नामक व्यक्ति की संपत्ति पर करोड़ों का लोन दिलवा दिया। चार करोड़ रुपए कमीशन के रूप में लिए।

आरोप है कि बैंक के दोनों कर्मियों ने पीड़ित को दिए लोन के ब्याज में अत्यधिक वृद्धि कर दी। 2024 में लोन को रिन्यू करने से भी मना कर दिया। फरवरी 2024 में बिना नोटिस दिए और कोई कारण बताए बैंक ने उनका खाता एनपीए घोषित कर दिया। हाल ही में इसकी जानकारी हुई तो शिकायतकर्ता ने बैंक में जाकर कानूनी अधिकारी से जानकारी प्राप्त की।

# गरिमा गार्डन कॉलोनी में हालात खराब

**जलभराव और कूड़े की बदबू से परेशान निवासी, लोग बोले पार्षद सिर्फ वोट लेने आते हैं**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,गरिमा गार्डन कॉलोनी में स्वच्छता की स्थिति चिंताजनक हो गई है। कॉलोनी की सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। नालियां जाम हैं। बारिश के कारण जलभराव की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सफाई कर्मचारी महीनों से नजर नहीं आए हैं। पार्षद भी केवल चुनाव के समय ही क्षेत्र का दौरा करते हैं। खुले में घूम रहे आवारा पशुओं की संख्या बढ़ गई है। बच्चे बीमारी के डर से घरों में रहने को मजबूर हैं। नालियों से उठती दुर्गंध ने वातावरण को प्रदूषित कर दिया है। स्थानीय लोगों ने इस स्थिति के लिए पार्षद को जिम्मेदार ठहराया है। नागरिकों ने नगर निगम गाजियाबाद से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने नगर आयुक्त और स्वास्थ्य विभाग से तत्काल सफाई अभियान चलाने की मांग की है। गाजियाबाद स्मार्ट सिटी बनने की दौड़ में शामिल है। लेकिन गरिमा गार्डन जैसी कॉलोनियों की स्थिति इस दावे पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय प्रशासन की लापरवाही से एक समय की सुव्यवस्थित कॉलोनी आज अव्यवस्था का शिकार हो गई है।

# विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने की जनसुनवाई

**पश्चिमांचल के अलग-अलग जनपदों से आए थे उपभोक्ता, बिजली कटौती का मुद्दा उठा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, उत्तर प्रदेश नियामक आयोग की ओर से आज पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत मेरठ जनपद में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना और उन समस्याओं के निस्तारण का भरोसा भी दिलाया । अधिकांश समस्याएं बिजली की दरों और बिजली कटौती से जुड़ी रही। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में जनसुनवाई की शुरूआत पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने डिस्कॉम की वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए की। उन्होंने 2025-26 के लिए तैयार की गई कार्य योजना को भी साझा किया। डिस्काउंट के अधिकारियों ने अध्यक्ष के समक्ष बिजली की दरों में प्रस्तावित वृद्धि की संभावनाओं को भी साझा किया। टैरिफ के अनुसार, घरेलू बिजली की दरों के साथ ही व्यावसायिक बिजली की दरों में भी वृद्धि का प्रस्ताव रखा। उपभोक्ताओं की तरफ से अवधेश कुमार वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बिजली की दरों में वृद्धि का स्पष्ट विरोध जताया। उन्होंने कहा कि एक घर में कमाने वाले व्यक्ति की आई या तो बहुत कम है या फिर उसमें वृद्धि नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में उसे पर बिजली दरों का अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्होंने निजीकरण का भी विरोध किया। विद्युत नियामक आयोग के समक्ष अपनी शिकायत लेकर नोएडा व आसपास के जनपदों से भी लोग पहुंचे। इस दौरान मल्टी स्टोरी बिल्डिंगों में सिंगल फेस, डबल फेस की व्यवस्था, बिजली की दरों में भिन्नता, लगातार हो रही बिजली कटौती, बिजली बिलों की गड़बड़ी आदि की शिकायतें सामने आई।

# पुलिस की चोरों से मुठभेड़

- दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, बंद मकानों में करते थे चोरी, ज्वैलरी बरामद

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, थाना सेक्टर-49 पुलिस सेक्टर-76 नोएडा मेट्रो स्टेशन के नीचे बैरियर लगाकर चैकिंग कर रही थी। गोपनीय सूचना मिली कि बाइक सवार 02 व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर सेक्टर-49 पुलिस द्वारा एक और पुलिस टीम बुलाकर चैकिंग की जाने लगी। इस बीच बरौला टी प्वाइंट की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने बाइक सवार 02 व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया। बाइक सवार मोड़कर तेजी से सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन से आगे सर्विस रोड़ पर भगाने लगे। पुलिस टीम ने बाइक सवार का पीछा किया। पुलिस टीम को पीछा आता देख बाइक सवार बिजली घर के पास सर्विस रोड पर छोड़कर जंगल की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। बदमाशों द्वारा अपने आप को पुलिस टीम से घिरता देखा गया। जिसके बाद पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस टीम ने जवाबी फायर किया। दोनों बदमाशों के गोली लगी। वो जमीन पर गिर गए। घायल दोनों बदमाशों की पहचान अनिल उर्फ अन्नू उर्फ बिल्ला व करन शर्मा उर्फ गोपाल उर्फ काकू हुई। दोनों की उम्र करीब 29 साल और दोनों ही हिमाचल के रहने वाले है। बदमाशों के कब्जे से 01-01 तमंचा चोरी की 01 पीली धातु की चैन, 01 जोड़ी कान के



टॉप्स, 03 अंगूठी पीली धातु, 01 गले का पेंडेंट, 04 मोबाइल फोन, 2800 रुपए नगद बरामद किए गए। बरामद चोरी के सामान के संबंध में थाना सेक्टर-49 नोएडा में मुकदमा दर्ज है। घायल बदमाशों को इलाके लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया कि वो बंद पड़े मकानों में रैकी कर रात में ताला तोड़कर जेवर व अन्य कीमती सामानों की चोरी किया करते है। चोरी के सामानों को सस्ते दामों राहगीरों को बेच दिया करते थे। अनिल बाइक चलाने में माहिर है।

## संक्षेप

### दो सगे भाईयो को सांप ने काटा, एक की मौत, दूसरा रेफर

**घटना से गाव मे भय है ब्याप्त**

अमन लेखनी समाचार

महोबा। विकास खण्ड कबरई के ग्राम महेवा मे एक साथ चारपाई पर सो रहे दोनों बच्चों को सर्प ने काट लिया, परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल लेकर गये जहां पर डाक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया दूसरे का इलाज चल रहा है। के कबरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम महेवा निवासी अच्छेलाल सोनी के दो लड़के 14 वर्षीय आदर्श और 9 वर्षीय दीपांश चारपाई पर एक साथ सो रहे थे। सुबह के समय जहरीले सांप ने एक के पैर व दूसरे के हाथ में काट लिया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर परिजन कमरे मे पहुँचे और वहा का मन्जर देख दन्ग हो गए तुरन्त आनन-फानन में घरवाले दोनों बेटो को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डाक्टर ने जांचोपरांत आदर्श को मृत घोषित कर दिया तथा दीपांश का इलाज अभी चल रहा है। अचानक आई आपदा से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना से गाव मे भय ब्याप्त बना हुआ है

### सदर विधायक का अनोखा पहल, आटों चालकों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुडवा चौराहे पर लापरवाह आटो चालकों को एकत्र करके सदर विधायक भूपेश चौबे ने जन जागरूकता संदेश दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार की सायं चार बजे चोपन थाना क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर तेलगुडवा चौराहे पर सभी टेम्पो चालकों को एकत्र करके जागरुक करते हुए बताया कि आपके भरोसे दर्जनो परिवार इधर से उधर यात्रा करते हैं। आपको नियमों का पालन करते हुए सभी परिवारों को सुरक्षित पहुचाने की जिम्मेदारी है, जागरूकता के दौरान दो चालक नशे में धूत पाए गए जिसको सड़क के किनारे एक होटल पर सुरक्षित बैठा दिया गया। स्थानिय लोगों ने बताया कि तेलगुडवा चौक पर तीन माह से कोई भी पुलिस कर्मी डियूटी पर दिन में मौजूद नहीं रहता है जिसके कारण मारपीट समेत कई घटनाएं घट चुकी है।

# शिकायत निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो संबंधित पर होगी कड़ी कार्यवाही : डीएम

अमन लेखनी समाचार



महोबा। तहसील कुलपहाड़ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम गजल भारद्वाज एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस कुलपहाड़ मे कुल 67 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 20 में से 03 तथा तहसील चरखारी में उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में 32 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# चकरिया चौकी के दीवान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**–करीब दो माह पूर्व दलित महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का है आरोप।**

**–विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र की कोर्ट ने प्रभारी निरीक्षक कोन को सीओ से विवेचना कराने व परिणाम से अवगत कराने का दिया आदेश।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। करीब दो माह पूर्व चकरिया चौकी के दीवान शमशेर सिंह यादव द्वारा दलित महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने प्रभारी निरीक्षक कोन को एफआईआर दर्ज करने व सीओ से मामले की विवेचना कराने के साथ ही परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है। यह आदेश कोन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 38 वर्षीय दलित महिला द्वारा अधिवक्ता रोशनलाल यादव के जरिए दाखिल 173(4) बीएनएसएस प्रार्थना पत्र पर दिया गया है। दिए प्रार्थना पत्र में दलित महिला ने आरोप लगाया है कि 13 मई 2025 को प्रातः 4 बजे भोर की घटना है। चकरिया चौकी का दीवान शमशेर सिंह यादव शराब के नशे में धुत होकर उसके घर पर आया और दरवाजा खटखटाने लगा और पूछा कि तुम्हारा पति घर पर है कि नहीं तो उसने बताया कि बारात में बाजा बजाने गए हैं। इतना सुनते ही दीवान ने उसका हाथ पकड़ लिया और उसे चारपाई पर पटक कर जबरन छेड़छाड़ करने लगा। जब जोर जोर से रोने व चिल्लाने लगी तो उसका 12 वर्षीय बेटा भी जग गया और वह भी दरवाजे के बाहर रोने व चिल्लाने लगा। शोरगुल की आवाज सुनकर गांव घर व आसपास के लोग इकट्ठे हो गए तो दीवान धक्का देकर उसे गिरा दिया और भाग गया। मौके पर मौजूद लोग पुलिस वाले के भय की वजह से उसे नहीं पकड़े। जब सुबह उसके पति आए तो पूरी बात उनसे बताई। पुलिस के डर की वजह से चकरिया चौकी व कोन थाने पर सूचना देने नहीं गई। 16 मई 2025 को घटना की सूचना एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से भेजा, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अधिवक्ता रोशनलाल यादव के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर गम्भीर प्रकृति का अपराध मानते हुए पुलिस द्वारा विवेचना कराया जाना आवश्यक मानते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया। साथ ही प्रभारी निरीक्षक कोन को चकरिया चौकी के दीवान शमशेर सिंह यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही सीओ से विवेचना कराने व परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है।

# मेगा बिजली बिल समाधान शिविर से उपभोक्ता लौटे मायूस, नहीं मिला समस्याओं का समाधान

अमन लेखनी समाचार

महोबा। अजनर पंचायत सचिवालय में आयोजित मेगा बिजली बिल समाधान शिविर लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया। शिविर में पहुंचे उपभोक्ता अपने बिजली बिलों की समस्याओं को लेकर घंटों परेशान होते रहे, लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही होती रही। शिविर में न तो कोई उच्चाधिकारी मौजूद रहा और न ही तकनीकी टीम की व्यवस्था की गई, जिसके चलते आधे सैकड़ा से अधिक उपभोक्ता निराश होकर लौट गए। कैंप में केवल सीधे-सपाट बिलों को ही जमा किया गया, जबकि फर्जी रीडिंग, गलत उपभोक्ता आईडी और पुराने मीटर की शिकायतें जस की तस बनी रहीं। ग्रामीण उपभोक्ताओं में माधव कुशवाहा, सुरेश कुमार, कल्लू यादव, काशी प्रसाद, संतोष सैन, रामकुमार और हरगोबिंद विश्वकर्मा – सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि 2017 में लगे उनके मीटर विभागीय सिस्टम में चढ़े ही नहीं हैं। इस कारण फर्जी रीडिंग दिखाई जा रही है और मनमाने तरीके से भारी-भरकम बिल थमा दिए गए हैं। लोगों का कहना था कि शिविर में बिना प्रशिक्षित कर्मचारियों को बैठा दिया गया है, जो न तो सही रीडिंग कर पा रहे हैं और न ही सही बिल दे पा रहे हैं। भाजपा के कुछ स्थानीय पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्पष्ट कहा कि अन्य शिविरों में भी विभाग के प्रतिनिधि नहीं आते, और न ही उन्हें बुलाने की कोई जरूरत समझी जाती है। शिविर में कुल 46 मामले सामने आए, जिनमें से केवल 10 मामलों में ही उपभोक्ताओं ने बिल जमा किए। कुल ?3,15,815 की राजस्व वसूली की गई। शिविर में टीजी-2 शिवम्, सुपरवाइजर रजत, लाइनमैन पहलाद उपस्थित थे, पर कोई वरिष्ठ अधिकारी नदारद रहा, जिससे उपभोक्ताओं में गहरी नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बिजली विभाग इस तरह के शिविरों को केवल औपचारिकता न बनाए, बल्कि प्रशिक्षित टीम और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में समस्या का वास्तविक समाधान करे।

# भीषण सड़क हादसे में अधिवक्ता पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

**गुरसरांय-कोटरा मार्ग बना ब्लैक स्पॉट**

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



मृतक की फाइल फोटो

गुरसरांय(झाँसी)। शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे गुरसरांय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़वई के पास गुरसरांय - कोटरा मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक मारुति वैन और तेज रफ्तार डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार माधव प्रसाद शर्मा (80 वर्ष) पुत्र सूरज राम व इनका 56 वर्षीय पुत्र उपेंद्र शर्मा दोनों निवासी लखावती (हाल निवासी गुरसरांय) व सोनू पुत्र बसंत निवासी ग्राम धगवां थाना एट जिला जालौन मारुति वैन (वाहन संख्या यूपी 79 जे 7149) से गुरसरांय से उरई की ओर जा रहे थे। रास्ते में ग्राम गढ़वई के समीप सामने से आ रहे डंपर (वाहन संख्या यूपी 93 बीटी 7078) ने मारुति वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंचे डिप्टी कलेक्टर गरौठा सुनील कुमार, डिप्टी एसपी गरौठा आसमा वकार और थानाध्यक्ष गुरसरांय वेद प्रकाश पाण्डेय ने तत्काल राहत कार्य शुरू कराया और तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। गुरसरांय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी डिप्टी कलेक्टर गरौठा सुनील कुमार और डिप्टी एसपी गरौठा आसमा वकार, थानाध्यक्ष गुरसरांय इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय सहित कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के भारी संख्या में लोग उक्त दर्दनाक घटना को सुनकर जमा हो गए और गुरसरांय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में इस घटना को सुनकर कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने समय तक पुलिस प्रशासन तीनों शवों का पंचनामा भर शवों को पोस्टमार्टम के लिए मऊरानीपुर रवाना करने और विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी। जानकारी के अनुसार उपेंद्र शर्मा अपने पिता माधव शर्मा के साथ अपने बेटे से मिलने लखनऊ जा रहे थे। उपेंद्र शर्मा का एक बेटा व एक बेटी है। बेटा लखनऊ सुमित (22 वर्ष) लखनऊ में पढ़ाई करता है। उपेंद्र का एक भाई अमरेंद्र शर्मा उर्फ आशीष शर्मा है जो दिल्ली में रहता है। उपेंद्र शर्मा गरौठा तहसील में स्टाम्प बैंडर का काम। करते थे। वही इस हृदय विदारक घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

गरौठा,झांसी। माह के तृतीय शनिवार को तहसील सभागार गरौठा में सुनील कुमार उपजिलाधिकारी गरौठा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओ को गंभीरता पूर्वक सुना। तहसील समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 41, पुलिस विभाग के 21, विकास से सम्बंधित 3, समाज कल्याण का 1, एवं 3 अन्य शिकायतों सहित कुल 69 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 3 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंप कर अति शीघ्र निस्तारण करने के आदेश दिए। एस डी एम गरौठा ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को फरियादियों की समस्याएं न्यायपूर्ण ढंग से जल्द सुलझाने के कड़े निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा असमा वकार, गरौठा कोतवाली प्रभारी बलिराज शाही, गुरसराय थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, ककरबई थानाध्यक्ष विनय कुमार साहू सहित पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# साइबर जालसाजों ने 105000 रुपये की करी ठगी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में 20 लीटर दूध खरीदने की बात कहते हुए धोखे से डेरी संचालक के मोबाइल पर ऑनलाइन पैसे चले जाने का झांसा देकर एक ठग ने कई बार में उसे 105000 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित को जब खुद के साथ ठगी होने की भनक लगी तो उसने बंथरा पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस तहरीर लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। उन्नाव जिले के बीघापुर थाना अंतर्गत मेहंदी नगर, रानीपुर निवासी रामसागर यादव के मुताबिक वह अपनी बहन दीपा की बंथरा के कटी बगिया स्थित दूध डेरी को संचालित करता है। रामसागर का कहना है कि शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे उसकी बहन के मोबाइल पर 9296565610 से कॉल आई। कॉल करने वाले ने शनिवार सुबह 20 लीटर दूध लेने की बात कही। इस पर दीपा ने भाई रामसागर को उक्त नंबर देकर बात करने को कहा। जब राम सागर ने उक्त नंबर पर बात की तो कॉल करने वाले ने खुद को बथरा रोड स्थित बंगाली डॉक्टर का परिचय देते हुए शनिवार सुबह 20 लीटर दूध की मांग की। उसने रामसागर से ऑनलाइन नंबर मांग कर पैसे भेजने की बात कही और कुछ देर में ही रामसागर के मोबाइल पर 17999 रुपए का मैसेज भेज दिया। बाद में गलती से ज्यादा रुपए चले जाने का झांसा देकर रामसागर को बार कोड भेज कर वापस रुपए मांगे। रामसागर का कहना है कि इसी तरह वह गलती से रुपए चले जाने की बात कह कर कुल पांच बार में रामसागर से एक 105000 रुपए ऑनलाइन मंगा लिए। लेकिन शनिवार सुबह जब वह दूध लेने नहीं पहुंचा, तो रामसागर ने उसके नंबर पर कॉल की। लेकिन आरोपी ने दूध लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद रामसागर को खुद के साथ ठगी होने का संदेह हुआ और उसने आनन फानन इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस रामसागर की तहरीर पर साइबर सेल की मदद से आरोपी का सुराग लगाने में जुट गयी है।

# कुडई बसरिया सम्पर्क मार्ग की पुलिया व सड़क बहने से गांवों का टूटा संपर्क, लोग हुए परेशान

अमन लेखनी समाचार



महोबा , विकास खंड जैतपुर के कुड़ई गुढ़ा संपर्क मार्ग पर विगत दिनों हुई जोरदार बारिश के कारण बसरिया, हंसला मार्ग पूरी तरह सड़क बह जाने और पानी भर जाने के कारण रास्ता बन्द हो गया है लोगों का आवागमन बाधित हो गया है यह मुख्य मार्ग जैतपुर से मध्य प्रदेश के रास्ते हरपालपुर तक जाता है जिससे लोगों के आने जाने का रास्ता विगत दिनों हुई जोरदार बारिश के कारण पुलिया व सड़क का एक बड़ा सा हिस्सा बह जाने से पूरी तरह से आगम बंद हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे छोटे बच्चे पढ़ाई के लिए जैतपुर आते है कुछ बच्चे हरपालपुर भी जाते है। लोगों के दैनिक दिनचर्या, कृषि कार्य, खेतों, नजदीक सटे बाजार, अस्पताल आने जाने के लिए पुलिया के ध्वस्त हो जाने से लोग गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। बसरिया गांव निवासी मुकेश तिवारी का कहना है कि उनके बच्चे पढ़ाई करने हेतु हॉस्टल में रहते हैं जोरदार बारिश के कारण उन्हें हरपालपुर बच्चों को घर लेने जाना था पुलिया के ध्वस्त होने के कारण वो आज भी अपने बच्चों को लेने नहीं जा पाए हैं। हंसला निवासी देशराज अरजरिया का कहना है कि यह मुख्य मार्ग पर बनी हुई पुलिया बहुत दिनों से क्षतिग्रस्त है जो पीडब्लूडी विभाग के कर्मचारियों की उदासीनता के कारण बारिश की भेंट चढ़ गई हैं क्योंकि कोई सुनने वाला नहीं है उन्होंने बताया कि गनीमत यह रही है कि सड़क के किनारे गहरा गड्ढा हो गया है जिससे पुलिया मैं कोई बाइक सवार ,ऑटो सवार गिरा नहीं है क्योंकि पुलिया के पास यकायक मोड़ भी पड़ जाती है विभाग के द्वारा न तो वहां पर कोई सांकेतिक चिन्ह का बोर्ड लगाया गया है न ही प्रशासन के द्वारा कोई निरीक्षण किया गया है जो हर गुजरते वाहन और व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

# राज्यमंत्री ने उर्मिल बांध का किया निरीक्षण, बाढ़ के लिए तैयार रहने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



महोबा , राज्यमंत्री जलशक्ति विभाग उ. प्र. रामकेश निषाद द्वारा उर्मिल बांध का निरीक्षण किया गया। मंत्री द्वारा निरीक्षण के दौरान उर्मिल बांध की जल भण्डारण क्षमता के बारे में जानकारी ली गई ,तथा उर्मिल बांध के निरीक्षण के दौरान नहरों के संचालन के बारे में जानकारी ली एवं महोबा में बिगत दिनों हुई बारिश के बारे में जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि उर्मिल बांध की वर्तमान में जल भंडारण क्षमता लगभग 116.6 एमसीएम के सापेक्ष 89.668 एमसीएम पानी उपलब्ध है । बताया गया कि उर्मिल बांध में बिगत दिनों में कुल 765 एम एम बारिश हुई है एव उर्मिल बांध के अपस्ट्रीम में छतरपुर जिले में स्थित उर्मिल नदी में पानी के जल स्तर बढ़ने के कारण बांध के 07 गेट खोले गए ,एव 63 एमसीएम अतिरिक्त पानी की निकासी की गयी, मंत्री जी द्वारा उर्मिल बांध से महोबा जिले के तालाबों को भरने के बारे में पूछा गया, जिस पर उपस्थित सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि भारी बारिश के कारण नहर कुछ जगह छती ग्रस्त हो गयी है , जिसको जल्द ठीक कराया जाएगा। राज्यमंत्री द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियो को बाढ़ के लिए तैयार रहने के निर्देश भी दिए गए।

# सरकार के राज्य जलशक्ति मंत्री ने पीड़ित परिवार से मिल दु:ख जताते हुए मदद का दिया भरोसा

अमन लेखनी समाचार



महोबा। बुंदेलखण्ड के महोबा जिले मे दो दिनों तक हुई झमा झम बारिस के चलते जनपद मे आफत सी आ टूटी थी आम जीवन अस्थ वस्थ हो गया था चारो ओर पानी ही पानी का मन्जर बना हुआ रहा जनपद मे कई कच्चे मकान धराशाही हो गए थे वही विकास खण्ड कबरई के ग्राम सिजहरी में मकान गिरने पर एक ही परिवार के चार लोग मलबे में दब गए थे प्रशासन द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर चारों को दबे मल्वे से निकाल कर आनन फानन मे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा मां बेटे की मौत हो गई थी पिता व बेटा की जान बचाई जा सकी इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य जलशक्ति मंत्री रामकेश निषाद शनिवार के रोज जनपद आगमन पर सिजहरी गाव पहुंचे पहले पीड़ित परिवार से मिल दुःख जता कर हर सम्भव मदद का भरोषा दिया है एवं पानी से नुकशान हुए गाव के लोगो को भी मदद का भरोषा दिया है मंत्री रामकेश निषाद ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मृतकों के परिजनों को आपदा राहत कोष से यथाशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने अधिकारियों से राहत एवं पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के आदेश दिए है मंत्री ने कहा कि सरकार संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। वही उपजिलाधिकारी द्वारा जल शक्ति मंत्री राकेश निषाद को अवगत कराया गया कि विन्द्रावन पुत्र गुलाब यादव का घर अतिवृष्टि से गिर जाने के कारण उनकी पत्नी और पुत्र की मृत्यु हो गयी है जिनका पोस्टमार्टम कराकर दैवी आपदा से शासनादेशानुसार सहायता राशि चार-चार लाख रुपए स्वीकृति कर दी गयी है। मृतक के परिवारजन को राहत सामग्री भी दे दी गयी है। तत्कम में मंत्री जी द्वारा ग्राम सिजहरी में अतिवृष्टि से गिरे घरो का सर्वे कराने एवं विन्द्रावन पुत्र गुलाब यादव के घर में राहत सामग्री पहुंचाने एवं अनुमन्य सहायता अतिशीघ्र दिलाये हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही कहा सम्पूण महोबा जनपद में राजस्व लेखपाल एवं ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से प्रत्येक गांव की अतिवृष्टि से हुए फसल क्षति, मकान क्षति, जनहानि पशुहानि का सर्वे कराकर प्रत्येक पात्र परिवार को अतिशीघ्र राहत सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

# पंचायत सचिव की लापरवाही से मां की मृत्यु , प्रमाण पत्र नही हुआ जारी, पीड़ित बेटा भटकने को मजबूर.....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मां की मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए बार-बार पंचायत कार्यालय के चक्कर काट रहा बेटा सचिव की लापरवाही व अनदेखी के चलते अब तक दस्तावेज जारी नहीं हो सका। भैरोलाल निवासी शेरपुर लवल ने बताया कि उनकी मां का निधन बीते बाइस जून को उनके ही आवास पर हुआ था मृतक माँ की मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उन्होंने बीस दिन पहले ही सभी जरूरी दस्तावेज पंचायत सचिव मनोज वर्मा को सौंप दिए जिसके बाद भी सचिव न तो प्रमाण पत्र तैयार किया और न ही मिलने पर कोई संतोषजनक जवाब दे रहे। पीड़ित का आरोप है कि सचिव कई बार टाल-मटोल कर चुके हैं और अब तो कार्यालय में मिलना भी मुश्किल हो गया है सचिव का फोन भी उठता शनिवार को पूरा दिन भैरोलाल सचिव कार्यालय के बाहर बैठे रहे लेकिन कार्यालय बंद मिला और सचिव से मुलाकात नहीं हो पाई। भैरोलाल ने बताया कि उन्हें अपनी मां का मृत्यु प्रमाण पत्र बेहद जरूरी है लेकिन ग्राम सचिव की लापरवाही और गैरजवाबदेही के कारण उन्हें मानसिक और शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ रही है उन्होंने समाधान दिवस में अधिकारियों से निवेदन किया है कि सचिव को निर्देशित कर जल्द से जल्द प्रमाण पत्र जारी करवाया जाए ताकि वह आगे की जरूरी प्रक्रिया पूरी कर सकें।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# बंगाली फिल्म बक्शो बोंडी से होगा मेलबर्न महोत्सव का उद्घाटन

**मुंबई।** अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम की बंगाली फिल्म 'बक्शो बोंडी' भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) के 2025 संस्करण की उद्घाटन फिल्म होगी। फिल्म के सह-निर्माता शोम और जिम सरभ हैं। फिल्म का आधिकारिक ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर 14 अगस्त को होगा। फिल्म में तिलोत्तमा शोम ने अदाकारी की है। फिल्म के निर्देशक सौम्यानंद साही हैं। फिल्म की कहानी कोलकाता के एक उपनगर पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक कामकाजी महिला के आसपास घूमती है। अंग्रेजी में 'शैडोबॉक्स' नाम की इस फिल्म का विश्व प्रीमियर 75वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम ने कहा बक्शो बोंडी मेरे दिल के बेहद करीब है।

लाइफ Style

# प्रियंका



## अपने दम पर बॉलीवुड में कमाया नाम

उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर बरेली से निकलीं प्रियंका चोपड़ा अब एक इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। मॉडलिंग, फिर मिस वर्ल्ड का खिताब, उसके बाद बॉलीवुड में डेब्यू और फिर इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस और कई अवॉर्ड्स। उसके बाद सीधे टिकट टू हॉलीवुड। किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है प्रियंका चोपड़ा की असल जिंदगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने शुक्रवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में शुरुआत साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद हुई। प्रियंका ने साल 2003 में आई फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई'से की। इसमें उनके साथ सनी देओल और प्रीति जिंटा जैसे स्टार भी शामिल थे। इसके बाद इसी साल प्रियंका अक्षय कुमार और लारा दत्ता के साथ फिल्म 'अंदाज' में नजर आईं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और प्रियंका इंडस्ट्री की नजरों में आ गईं। उसके बाद साल 2004 में प्रियंका सलमान खान-अक्षय कुमार के साथ फिल्म मुझसे शादी करोगी जैसी एक और सफल फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस आईं।

इसी साल प्रियंका ऐतराज में निगेटिव रोल में नजर आईं और अवॉर्ड भी जीता। इसके बाद प्रियंका इंडस्ट्री में पूरी तरह से स्थापित हो गईं। बॉलीवुड में सफलता पाने के बाद और हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बनने के बाद प्रियंका ने रुख किया हॉलीवुड का। साल 2015 में वो पहली बार अमेरिकन टीवी सीरीज क्वांटिको में नजर आईं। इस सीरीज के दो सीजन आए दोनों में प्रियंका नजर आईं और उनके काम की तारीफ भी हुई और उन्हें अवॉर्ड भी मिले। इसके बाद साल 2017 में वो हॉलीवुड की एक्शन-कॉमेडी फिल्म बेवॉच में नजर आईं।

हॉलीवुड मसाला




# मोर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** वार्नर ब्रदर्स ने मॉर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। यह फिल्म 24 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। तीन घंटों के अंदर फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर 80 हजार से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। ट्रेलर में लॉर्ड रैडेन जॉनी केज को मॉर्टल कॉम्बैट टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए बुलाते हैं। इसमें किटाना, शाओ खान, लियू कांग, जैक्स और बाराका जैसे किरदार दिखते हैं। यह फिल्म पहले की तुलना में ज्यादा हास्यपूर्ण और रोमांचक है, जो जॉनी केज के मजेदार स्वभाव के कारण और आकर्षक लगती है।



# हूज सॉरी नाउ गाने से ... कॅरियर की श...

दैनिक

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी संगीत जगत की ...
लिए खामोश हो गई है। स्टूपिड क्यूपिड, प्रि...
जैसे हिट गानों से करोड़ों दिलों पर राज क...
फ्रांसिस का 87 साल की उम्र में निधन हो ग...
कॅरियर 1957 से 1964 तक अपने सुनहरे दौ...
रोल म्यूजिक का क्रेज तेजी से बढ़ रहा था, ...
को छू लेने वाली आवाज से फैंस के दिलों म...
की पहली सफल महिला गायिकाओं में से ए...
म्यूजिक चार्ट्स में बने रहते थे। उनके कॅरि...
जैसे सुपरहिट गाने से हुई, जो रातोंरात वाय...
हेज ए माइंड ऑफ इट्स ओन' और 'डोन्ट...
ने उनकी पहचान को और मजबूत किया। उ...
छुपे इमोशन्स और दर्द, जो हर पीढ़ी के द...



वर्ष : 11



# पसंद आई प्यार और जुनून की कहानी

**मुंबई।** मोहित सूरी की फिल्म सैयारा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। आशिकी 2 और एक विलेन जैसी यादगार सुपरहिट लव स्टोरी देने वाले मोहित सूरी इस बार एक नई प्रेम कहानी के साथ लौटे हैं। फिल्म में इश्क, जुनून, दर्द और तड़प की कहानी को दिखाया गया है। सैयारा पूरी तरह से एक रोमांटिक-लव स्टोरी है। फिल्म के गाने पहले से ही सुपरहिट हो चुके हैं। सैयारा देखकर लौटे अधिकांश लोग फिल्म से संतुष्ट नजर आ रहे हैं और फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इस फिल्म ने मुझे रुलाया और मुझे प्यार और भरोसे पर फिर से यकीन करना सिखाया है। यह एक शानदार इमोशनल फिल्म है। सिनेमाहॉल से एक वीडियो भी सामने आ रहा है, जिसमें एक शख्स फिल्म देखकर काफी भावुक हो गया और रोने लगा।



# देश को बचाने निकली हिम्मत सिंह की सेना

**मुंबई।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और हिम्मत सिंह एक बार फिर देश को बचाने के लिए हाजिर हो गए हैं। केके मेनन स्टारर स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज हो चुका है। रिलीज होते ही स्पेशल ऑप्स 2 सुर्खियों में भी आ गया है और सोशल मीडिया पर लोग शो की कहानी से लेकर लोगों के अभिनय तक की तारीफ कर रहे हैं। स्पेशल ऑप्स के इस नए सीजन में एआई के बढ़ते इस्तेमाल से होने वाले खतरों के बारे में दिखाया गया है। कैसे एआई देश के लिए और लोगों के लिए खतरा हो सकता है। इस बार की कहानी देश के टॉप एआई साइंटिस्ट डॉ. पीयूष भार्गव के अपहरण और हिम्मत सिंह की टीम को उन्हें ढूंढने पर आधारित है। डॉ. पीयूष भार्गव ऐसे सीक्रेट्स जानते हैं जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं। ऐसे में रॉ की टीम उन्हें ढूंढने में लग जाती है।

टीवी मसाला



# दयाबेन बनकर दिशा ने हमेशा हंसाया है सबको

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में दया बेन यानी दिशा वकाणी काफी समय से गायब हैं। फैंस दिशा को दयाबेन के रूप में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि बीच में कई बार ऐसी खबर आई कि दिशा की जगह अब नई दयाबेन आएगी, लेकिन फिर ये खबरें बंद हो जाती हैं। अब शो में सोनू का किरदार निभा चुकीं निधि भानुशाली ने दया बेन को लेकर बात की। निधि से पूछा गया कि क्या वह दिशा को तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में देखना चाहते हैं? इस पर निधि बोलती हैं कि यह फैसला दिशा को ही लेना पड़ेगा और जो भी उनका फैसला हो दर्शकों को उनके फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। निधि ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि हम में से कोई फैसला ले सकता है। यह उनकी लाइफ है, उनकी जर्नी है और सिर्फ उन्हें हक है वह क्या करना चाहती हैं।' निधि ने आगे कहा, 'बतौर दर्शक हम सब चाहते हैं कि दिशा कमबैक करें, लेकिन हमें उनके हर फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में हमेशा हमें हंसाया है।'

## नजर आएगी विवयन और दीपिका की जोड़ी

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का चेहरा रह चुके विवियन डीसेना और दीपिका कक्कड़ के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। बिग बॉस के घर में नजर आ चुके ये एक्टर्स जल्द ही एक नए प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। विवियन और दीपिका का ये प्रोजेक्ट ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस के तहत बनेगा। इस शो से दोनों टीवी एक्टर्स की छोटे पर्दे पर वापसी होगी। विवियन और दीपिका के इस सीरियल की शूटिंग साल 2026 में शुरू होगी। दीपिका कक्कड़ की बात करें तो आखिरी बार उन्हें सिलेब्रिटी मास्टर शेफ्स में देखा गया था। इसके बाद उन्हें कैंसर हो गया था। कैंसर की वजह से दीपिका कक्कड़ ने टीवी की दुनिया से दूरी बना ली थी। हाल ही में दीपिका की सर्जरी हुई थी। विवयन डीसेना की बात करें तो वो बिग बॉस 18 के घर में नजर आ चुके हैं। विवियन डीसेना कलर्स टीवी के शो मधुबाला, शक्ति और सिर्फ तुम जैसे हिट शोज में भी नजर आ चुके हैं। ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित प्रोडक्शन हाउस में से एक है। विवियन और दीपिका के शो की कहानी या नाम को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# हॉलीवुड नहीं, बॉलीवुड में बनी थी पहली सुपरमैन

**मुंबई।** जब भी हम सुपरहीरो फिल्मों की बात करते हैं, तो सबसे पहले मन में हॉलीवुड की फिल्मों का नाम आता है। जैसे - स्पाइडरमैन, बैटमैन या फिर सुपरमैन। खासकर सुपरमैन, जो 1978 में आई हॉलीवुड फिल्म से पूरी दुनिया में मशहूर हुआ था, जिसमें क्रिस्टोफर रीव ने सुपरमैन वाले किरदार को निभाया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि भारत ने इस फिल्म से भी 18 साल पहले ही सुपरमैन की फिल्म बना दी थी?




## हॉलीवुड से भी पहले भारत ने सुपरमैन फिल्म बना दी थी

भारत ने हॉलीवुड की फिल्म सुपरमैन जो 1978 में आई थी, उससे भी 18 साल पहले ही सुपरमैन पर फिल्म बना दी थी और इससे भी ज्यादा हैरानी की बात ये है कि उस फिल्म में सुपरमैन बनी थीं एक फीमेल एक्ट्रेस और वो थीं निरूपा रॉय, जिन्हें बाद में मां के रोल के लिए पहचाना जाने लगा। साल 1960 में आई इस फिल्म की कहानी और स्टाइल पूरी तरह से सुपरहीरो बेस्ड थी, जिसमें उड़ने वाले सीन्स, ताकतवर हीरोइन और क्राइम से लड़ाई दिखाई गई। इस फिल्म में सबसे दिलचस्प बात ये थी कि इसमें निरूपा रॉय ने सुपरमैन जैसी भूमिका निभाई थी। उस दौर में एक एक्ट्रेस को इतने दमदार और सुपरमैन जैसे किरदार में दिखाना एक बड़ी बात थी।

## इंडियन 'सुपरमैन' बनने के साथ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

आपने कई फीमेल सुपरहीरो देखे होंगे, जैसे मार्वल की कैप्टन मार्वल, इलेक्ट्रा और ब्लैक विडो। डीसी ने भी कैटवुमन जैसी दमदार फीमेल सुपरहीरो पर फिल्में बनाई हैं। लेकिन, ऐसा दुनिया में पहली और अभी तक आखिरी बार हुआ है कि कोई महिला 'सुपरमैन' बनकर आई थी वो भी 1960 की बॉलीवुड फिल्म में। ऐसा अभी तक नहीं हुआ कि सुपरमैन का किरदार किसी महिला ने निभाया हो। ऐसा करने वाली निरूपा रॉय दुनिया की पहले एक्ट्रेस बन चुकी हैं।

# फिल्म की कहानी पर भारी पड़ा किरीती का डांस




**मुंबई।** राधाकृष्ण रेड्डी के निर्देशन में बनी फिल्म जूनियर 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की तरफ से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली। यह कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी के बेटे किरीती रेड्डी की पहली फिल्म है। इसमें श्रीलीला और जेनेलिया देशमुख अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'जूनियर' में अभि नाम के एक युवक की कहानी है, जो विजय सौजन्या के अधीन काम करता है। उसे जल्द ही जेनेलिया और उसके पिता के अतीत के बारे में कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलती हैं। वह इन बातों की खोज करता है जो उसके पिता के साथ उसके रिश्ते को बदल सकते हैं। फिल्म 'जूनियर' के प्रमोशन के दौरान, किरीती जूनियर एनटीआर के प्रति अपने प्यार का खुलकर इजहार करते रहे हैं। ऐसे में एक यूजर ने कहा है किरीती के डांस मूव्स युवा एनटीआर जितने ही बेहतरीन हैं। यूजर ने एक्स पर लिखा 'डांस मूव्स और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी ऐसा लग रहा है जैसे मैं टाइगर को देख रहा हूं। सच में।' एक एक्स यूजर ने लिखा है 'नए कलाकार के रूप में किरीती एक शोस्टॉपर हैं! उनके डांस की बेजोड़ ऊर्जा ने पर्दे पर चार चांद लगा दिए। जंग वाले दृश्यों में उनकी उपस्थिति अच्छी थी। उनके अभिनय में सहजता बेहद मनमोहक है। इस शानदार शुरुआत के साथ, उनका भविष्य उज्ज्वल है।

## कानन देवी की कहानी है साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण

# भारत की पहली लेडी सुपरस्टार, लेकिन रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आज भारतीय सिनेमा में कई महिलाएं प्रमुख अभिनेताओं के बराबर चमक रही हैं। वे अभिनय के अलावा निर्माता, गायक के रूप में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। लेकिन, भारत की आजादी से पहले ही भारतीय सिनेमा की पहली 'लेडी सुपरस्टार' ने यह सब कर दिखाया था। वह हैं बंगाली सिनेमा की पहली सुपरस्टार कानन देवी। मेलोडी क्वीन के नाम से मशहूर कानन देवी एक बेहतरीन अभिनेत्री, गायिका और फिल्म निर्माता थीं। उनकी मधुर आवाज, भावनात्मक अभिनय और साहसी व्यक्तित्व ने उन्हें दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी. हालांकि, कनन देवी का शुरुआती जीवन इतना आसान नहीं था।



### जयदेव थी पहली फिल्म

*पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 22 अप्रैल 1916 को जन्मी कानन देवी गरीबी में पली-बढ़ीं। उनके बचपन का अधिकांश समय गरीबी में बीता। उनके पिता की मृत्यु के बाद, वह अपने रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम करने लगीं। 10 साल की उम्र में, एक दोस्त की मदद से उन्हें मूक फिल्मों में काम करने का मौका मिला। 1926 में रिलीज हुई जयदेव उनकी पहली फिल्म थी, जिसमें उन्हें केवल पांच रुपए का वेतन मिला। यही उनके सिनेमा कॅरियर की शुरुआत थी।*

### अभिनय के साथ गाने भी गाए

*बाद में, उन्होंने बोलती फिल्मों में भी काम किया और अपनी पहचान बनाई। जोरभारत (1931), मां (1934), मनमय गर्ल्स स्कूल (1935) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। मुक्ति (1937) और विद्यापति (1937) की सफलता ने उन्हें सुपरस्टार का दर्जा दिलाया। इों में उन्होंने न केवल अभिनय किया, बल्कि अपनी मधुर आवाज से गाने भी गाए और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई और एक समय ऐसा आया जब उन्हें भीड़ से बचाने के लिए सुरक्षा दी गई।*

### खुद की प्रोडक्शन कंपनी में बनाईं फिल्में

उस समय में ही उन्होंने श्रीमती पिक्चर्स नाम से अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी शुरू की और फिल्में बनाईं। इसी तरह, सव्यसाची कलेक्टिव नामक कंपनी भी शुरू की और बंगाली साहित्य पर आधारित फिल्में बनाईं, जिससे वह भारत की पहली महिला फिल्म निर्माता बनीं।

### दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किया सम्मानित

उस समय में एक महिला का फिल्म में अभिनय करना और फिल्में बनाना आसान नहीं था। इसलिए, इसे एक क्रांति के रूप में देखा गया। कानन देवी ने अपनी फिल्मों के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की। तीन दशकों तक सिनेमा में सक्रिय रहीं और लेडी सुपरस्टार के रूप में जानी गईं। 1968 में उन्हें पद्मश्री और 1976 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### वैवाहिक जीवन में कठिनाइयों का किया सामना

सिनेमा में स्टार होने के बावजूद, कानन देवी ने अपनी वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने दो शादियां कीं। पहली शादी ब्रह्म समाज के प्रसिद्ध विद्वान हरंबा चंद्र मैत्रा के बेटे अशोक मैत्रा से की। इस शादी का कड़ा विरोध हुआ। एक महिला के रूप में फिल्मों में काम करने के कारण उनकी शादी का विरोध हुआ। हालांकि, पहली शादी पांच साल में ही टूट गई। इसके बाद, कानन देवी ने दूसरी शादी हरेंद्रनाथ चक्रवर्ती से की। उनके एक बेटा हुआ। हालांकि, पहली शादी के संकट से उबरने में कानन देवी को काफी समय लगा। इसी बीच, 1992 में उनका निधन हो गया। लेकिन, गरीबी से उठकर सिनेमा में प्रवेश कर, जो कोई भी महिला नहीं कर पाई, वह सब कर दिखाने वाली कानन देवी की कहानी साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण है।